भारत के प्रमुख स्कूली शिक्षा बोर्ड 'केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड' (सीबीएसई) ने हाल में निर्णय लिया कि अकादमिक सत्र 2026-2027 से छठी और नवीं कक्षा से त्रिभाषा सूत्र को लागू किया जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में त्रिभाषा सूत्र की अनुशंसा है। इसके अनुसार स्कूली स्तर पर तीन भाषाएं पढ़ाई जाएंगी, जिसमें कम से कम दो भारतीय भाषाएं होंगी। पहले भी एनईपी 1968 और एनईपी 1986 आदि में थोड़े से भिन्न रूप में त्रिभाषा फार्मूला अपनाया गया था। एकाध को छोड़कर सभी राज्यों ने त्रिभाषा सूत्र को लागू किया, लेकिन दुर्भाग्य से सीबीएसई ने त्रिभाषा फार्मूले को आंशिक रूप से ही स्वीकारा था। सीबीएसई स्कूलों में छठी से आठवीं तक त्रिभाषा सूत्र लागू तो था, लेकिन तीसरी भाषा के तौर पर विदेशी भाषाओं की भी छूट थी, फिर नवीं और दसवीं में तो सीबीएसई ने सिर्फ द्विभाषा नीति ही अपनाई थी। उसमें भी छूट यहां तक कि स्कूल चाहें तो दोनों ही भाषाएं कोई गैर-भारतीय भाषा हो सकती थीं। इसका दुष्परिणाम हुआ कि महंगे पब्लिक स्कूलों में भारतीय भाषाओं को उपेक्षित किया जाने लगा। सीबीएसई की इन नीतियों से कई विसंगतियां पैदा हो गई थीं।

सीबीएसई एवं राज्य बोर्डों के विद्यार्थियों में भाषा शिक्षण में असंतुलन की स्थिति बन गई थी। वर्तमान योजना का उद्देश्य देशभर में स्कूली शिक्षा में समानता एवं भाषाई एकरूपता स्थापित करना है। दूसरे, नवीं और दसवीं में जब बच्चों का व्यक्तित्व आकार लेना शुरू करता है, उस समय केवल विदेशी भाषाओं तक सीमित रह जाना, बच्चों को अपनी भारतीय संस्कृति से दूर करना है। भाषा सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों का भी संचार करती है। आज बच्चों में त्याग, सेवा, सहिष्णुता, सामूहिकता, परिवार-भाव, बड़ों के प्रति आदर जैसे भारतीय मूल्यों का लोप हो रहा है। एनईपी 2020 का त्रिभाषा सूत्र बच्चों में क्षीण हो रहे इन भारतीय सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित करेगा। सीबीएसई के बच्चों को भी बहुभाषिकता की शक्ति का लाभ मिलेगा। साइको-लिंग्विस्टिक रिसर्च बताती हैं कि बच्चों में अनेक भाषाएं सीखने की सहज और असीम क्षमता होती है। एक से अधिक भारतीय भाषाओं का ज्ञान बच्चों में भारतीय भौगोलिक-सांस्कृतिक समझ को समृद्ध करेगा। इससे राष्ट्रीय एकता के भाव को मजबूती मिलेगी और विभाजनकारी भाषाई राजनीति कमजोर होगी।

विरोधियों द्वारा फैलाई जा रही सूचनाएं तथ्यहीन एवं भ्रामक हैं। विरोध का एक कारण अंग्रेजी-शिक्षित आभिजात्य वर्ग की औपनिवेशिक दौर की 'मैकाले मानसिकता' भी है। एक अध्ययन के अनुसार तीसरी भाषा के रूप में विदेशी भाषाओं की पढ़ाई केवल एक प्रतिशत शहरी विद्यार्थी ही कर रहे हैं। भारतीय भाषाओं के अध्ययन की अनिवार्यता का विरोध इन्हीं के आभिजात्य अभिभावकों द्वारा किया जा रहा है। नए दिशानिर्देशों के विरोध में ये लोग भाषा शिक्षकों की कमी, पाठ्यपुस्तकों का अभाव, छात्रों पर अतिरिक्त बोझ और तनाव, पहले से विदेशी भाषाओं का अध्ययन कर रहे छात्रों की असुविधा आदि तर्क दे रहे हैं। ध्यान रहे कि सीबीएसई/एनसीईआरटी द्वारा कक्षा छह के लिए सभी 22 अनुसूचित भाषाओं में पाठ्यपुस्तकें लगभग तैयार हैं। नवीं कक्षा में त्रिभाषा नीति 1 जुलाई, 2026 से लागू होगी। इसके लिए 19 अनुसूचित भाषाओं की पाठ्यपुस्तकें शीघ्र उपलब्ध कराई जाएंगी। अन्य भारतीय भाषाओं के लिए इस वर्ष एनसीईआरटी की पुस्तकों का उपयोग कर सकेंगे। शिक्षकों के लिए नए अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति से लेकर आनलाइन पद्धति में अन्य स्कूलों से सहयोग कर शिक्षण कार्य असंभव नहीं। केवल एक और भारतीय भाषा की पढ़ाई को अतिरिक्त बोझ बताना, सही समझ का अभाव है।

विभिन्न राज्यों में पहले से ही तीन भाषाएं पढ़ाई जा रही हैं। पहले से विदेशी भाषाएं पढ़ रहे छात्रों की सुविधा के लिए वर्तमान में तीसरी भाषा का पाठ्यक्रम हल्का रखा जाएगा। तीसरी भाषा के लिए यह छूट भी है कि दसवीं में इसकी बोर्ड परीक्षा नहीं होगी। यही नहीं, कोई छात्र अंग्रेजी के अलावा कोई दूसरी विदेशी भाषा भी सीखना चाहे तो इसका भी अवसर प्राप्त होगा। बड़े सुधारों में प्रारंभ में कुछ चुनौतियां आना स्वाभाविक हैं, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि त्रिभाषा नीति को सही रूप से लागू करना देश और बच्चों, दोनों के हित में है।

(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में भारतीय भाषा समिति के अध्यक्ष और सीनियर प्रोफेसर हैं)
response@jagran.com



शिक्षा में भारतीय भाषाओं को मिले प्रोत्साहन । प्रतीकात्मक

## ऊर्जा

### परम चेतना

मनुष्य सुख, शांति और आनंद की तलाश में भटकता है। आध्यात्मिक दर्शन का मर्म यही है कि मनुष्य जिस सुख की तलाश करता है, वह बाहरी वस्तुओं में नहीं, अपितु उसके भीतर की गहराइयों में छिपा है। हमारी सबसे बड़ी भूल यह है कि हम वास्तविकता को नहीं, बल्कि उसकी छाया को पकड़ने का प्रयास करते हैं। जिस प्रकार कोई व्यक्ति फल को देखकर भूख मिटाने का प्रयास करे, उसी प्रकार हम भी वस्तुओं में आनंद खोजते हैं। वस्तुतः हम वस्तुओं का नहीं, बल्कि उनके मानसिक प्रतिबिंबों का अनुभव करते हैं। हमारी इंद्रियां बाहरी जगत से विभिन्न प्रकार के संकेत ग्रहण करती हैं। ये संकेत मन तक पहुंचते हैं और मन उनकी एक मानसिक छवि निर्मित करता है। हम उसी छवि का अनुभव करते हैं। अर्थात हम वास्तविक वस्तु का नहीं, बल्कि उसके प्रतिबिंब का आनंद लेने का प्रयास करते हैं। यही कारण है कि किसी वस्तु को प्राप्त करने के बाद उसका आकर्षण धीरे-धीरे कम होने लगता है और मन पुनः किसी नई वस्तु की ओर दौड़ पड़ता है। यह अंतहीन दौड़ कभी समाप्त नहीं होती। दार्शनिक दृष्टि से यह समस्त भौतिक जगत ब्रह्मांडीय चेतना की एक स्थूल अभिव्यक्ति है। मनुष्य जब केवल भौतिक वस्तुओं में आनंद खोजता है, तब वह मूल स्रोत को छोड़कर उसकी छाया के पीछे भागता रहता है। इसलिए उसे स्थायी संतोष प्राप्त नहीं होता।

आध्यात्मिक साधना का उद्देश्य इसी आंतरिक यात्रा को संभव बनाना है। साधना मन को बाहरी वस्तुओं से हटाकर उस परम चेतना की ओर ले जाती है, जिसे पुरुष या परमात्मा कहा गया है। सामान्यतः मन विभिन्न विषयों और इच्छाओं का आश्रय बना रहता है, लेकिन जब वही मन परम चेतना को अपना लक्ष्य बना लेता है, तब साधक के जीवन में एक महान परिवर्तन प्रारंभ होता है।

श्री श्री आनंदमूर्ति

# भारत की शरणार्थी नीति पर पटेल की छाप

**गीता शुक्ला**

> **लाखों लोग युद्ध, उत्पीड़न और अत्याचार से बचकर आए और भारत ने उन्हें अपनाया**

भारत ने सदियों से विभिन्न देशों के शरणार्थियों को आश्रय दिया है। भारत ने कभी भी शरणार्थियों को दरवाजे पर खड़ा नहीं किया। लाखों लोग युद्ध, उत्पीड़न और अत्याचार से बचकर यहां आए और भारत ने उन्हें न केवल स्थान दिया, बल्कि उन्हें अपनाया। विभाजन के समय लाखों हिंदू और सिख शरणार्थी पाकिस्तान से भारत आए, जो मानव इतिहास की सबसे बड़ी विस्थापन घटनाओं में से एक थी। उस समय गृह मंत्री और उप-प्रधानमंत्री सरदार पटेल ने इन शरणार्थियों की पुनर्वास और सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सरदार पटेल ने शरणार्थियों की सबसे बड़ी समस्या आवास, भोजन और रोजगार को प्राथमिकता दी। उनकी पहल पर पंजाब, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में बड़े शिविर स्थापित किए गए। कुरुक्षेत्र में एशिया का सबसे बड़ा शरणार्थी शिविर स्थापित किया गया, जहां लाखों लोग ठहरे। उनकी कोशिशों से भारत की पहली शरणार्थी कालोनी ओल्ड राजेंद्र नगर 1948 में बनी। सरदार पटेल ने शरणार्थियों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर जोर दिया। उन्होंने स्कूल, अस्पताल और व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र खोले। महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए। उनकी दूरदर्शिता से कई शरणार्थी सफल उद्यमी बने, जैसे पंजाबी और सिंधी समुदाय।

1959 में तिब्बती संकट के दौरान, जब चीन ने तिब्बत पर कब्जा किया, दलाई लामा और उनके अनुयायी भारत पहुंचे। जवाहरलाल नेहरू ने उनका स्वागत किया और कहा कि 'वे हमारे मेहमान हैं।" आज भी हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, उत्तराखंड और दिल्ली-एनसीआर में 70,000 से अधिक तिब्बती शरणार्थी बसे हुए हैं। 1960 के दशक में चकमा-हाजोंग बांग्लादेश से भागकर भारत आए। 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में करीब 94 लाख शरणार्थी भारत पहुंचे। भारत सरकार ने उन्हें खाना, छत और दवा दी। 1980 के दशक में श्रीलंकाई तमिलों को गृहयुद्ध के कारण भारत में आश्रय मिला। आज भी करीब 58,000 श्रीलंकाई शरणार्थी कैंपों में हैं। अफगानिस्तान से शरणार्थी सोवियत आक्रमण, तालिबान काल और 2021 में अमेरिकी वापसी के बाद भारत आए। रोहिंग्या संकट के दौरान म्यांमार से हजारों रोहिंग्या भारत पहुंचे।

भारत ने हमेशा शरणार्थियों का स्वागत मानवीय आधार पर किया है। दुनिया के सबसे अधिक शरणार्थियों की मेजबानी करने वाले देशों में कोलंबिया, जर्मनी, तुर्की, युगांडा और ईरान शामिल हैं। भारत को शरणार्थी मुद्दे पर एक व्यापक कानून बनाने की आवश्यकता है, जो इंसानियत और सुरक्षा दोनों को संतुलित करे। शरणार्थी बोझ नहीं, वे संस्कृति, मेहनत और नई कहानियां लाते हैं। हमें इस इंसानियत को बनाए रखना होगा, ताकि दुनिया कहे कि भारत न केवल बड़ा देश है, बल्कि बड़ा दिल वाला भी।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

## मेलबाक्स

### उचित नहीं एकतरफा तुलना

सुधांशु त्रिवेदी का आलेख 'संभव नहीं नेहरू और मोदी की तुलना' पढ़कर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करने से स्वयं को रोक नहीं पाया। लेखक का यह आकलन नितांत एकांगी एवं घनघोर पूर्वाग्रह से ग्रस्त है। लेखक ने वर्तमान प्रधानमंत्री मोदी की उपलब्धियों को रेखांकित करने के लिए देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के योगदान को न केवल कमतर आंका है, बल्कि ऐतिहासिक तथ्यों को उनके मूल संदर्भों से काटकर पेश किया है। वर्तमान सरकार ने निश्चित रूप से राष्ट्रीय क्षमताओं को विस्तार दिया है, परंतु इस क्रम में नींव के पत्थरों को नकारना उचित नहीं। चीन और पाकिस्तान के संदर्भ में केवल 1962 की विफलता का जिक्र कर नेहरू की कूटनीति को लचर बताना एक सरलीकृत नैरेटिव है। उस समय की वैश्विक भू-राजनीति में शीत युद्ध चरम पर था और भारत की सीमित आर्थिक स्थिति भी अनदेखी नहीं की जा सकती। गलवन और बालाकोट में आज की भारतीय सेना के शौर्य पर पूरे देश को गर्व है, लेकिन आज की यह अभेद्य सैन्य शक्ति रातोंरात नहीं निर्मित हुई, यह दशकों के निरंतर विकास का परिणाम है, जिसकी नींव स्वतंत्र भारत की शुरुआती सरकारों के नेतृत्व में ही रखी गई। नेहरू जी ने शीत युद्ध के दौर में भारत को किसी खेमे में न बांधकर गुटनिरपेक्ष रखा, जिसने भारत को एक नैतिक महाशक्ति के रूप में स्थापित किया। अनुच्छेद 370 हटाना, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान जैसे वर्तमान सरकार के कदम निश्चित रूप से ऐतिहासिक हैं और उनकी मुक्त कंठ से प्रशंसा की जानी चाहिए, परंतु अपनी लकीर बड़ी करने के लिए पूर्वजों की लकीर को मिटाने का प्रयास एक स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा नहीं है। दो अलग-अलग युगों, भिन्न राष्ट्र-निर्माण चुनौतियों और भिन्न वैश्विक परिस्थितियों वाले प्रधानमंत्रियों की यह संदर्भहीन तुलना भारत के वृहद इतिहास के साथ न्याय नहीं करती।

हिमांशु सिंह, लखनऊ

### डिजिटल डिटाक्स की ओर कदम

साधारण फीचर फोन एक बार फिर लोकप्रिय हो रहे हैं, खासकर उन शहरी क्षेत्रों में जहां लोग डिजिटल थकान महसूस कर रहे हैं। खासकर युवाओं के बीच इसकी लोकप्रियता के कई कारण बताए जा रहे हैं। इनमें सबसे प्रमुख कारण है 'डिजिटल डिटाक्स'। अपना समय और ध्यान फिर से अपने नियंत्रण में लाने की इच्छा, लगातार इंटरनेट मीडिया से जुड़े रहने के तनाव से मुक्ति और मानसिक शांति पाने के लिए कई लोग इस बदलाव को अपना रहे हैं। डाटा गोपनीयता को लेकर चिंता और अपनी डिजिटल पहचान को सीमित रखने की आवश्यकता भी महत्वपूर्ण कारण हैं। डंब फोन में ऐसे एप्स नहीं होते जो लगातार उपयोगकर्ताओं की गतिविधियों पर नजर रखें। डिजिटल दुनिया के मानसिक प्रभावों का अनुभव करने के बाद अब लोग फिर से एक अधिक सरल और एनालाग जीवनशैली की ओर आकर्षित हो रहे हैं। संभव है कि इस प्रवृत्ति का अगला कदम हमारे घरों में पुराने डायल फोन की वापसी भी हो सकती है।

दत्तप्रसाद शिरोडकर, मुंबई

### लिव इन हमारी संस्कृति से परे

हाल में ऐसे एक केस में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने कपल को सुरक्षा देने से मना कर दिया, जो सराहनीय है। हमारा देश संस्कृति, सभ्यता, मान्यताओं, परंपराओं और परिवार को महत्ता देने वाला देश है। यहां विवाह एक संस्कार के रूप में देखा जाता है जिसमें न केवल दो लोग शामिल होते हैं, उनका पूरा परिवार, उनके समुदाय के नैतिक मूल्य, संस्कार, रीति-रिवाज इत्यादि भी सम्मिलित होते हैं, पर आज के युवा वर्ग ने इसे केवल अपनी शारीरिक जरूरत तक सीमित कर लिव इन का नाम दे दिया है। कम उम्र में नाबालिग अपनी पढ़ाई और करियर पर ध्यान न दे, न केवल पथ भ्रष्ट हो रहे हैं, बल्कि नैतिक मूल्यों को भी गिरा रहे हैं। परिवार को छोड़ अलग रहना, माता-पिता की जिम्मेदारी से मुंह मोड़ना, अपने परिवार का नाम खराब करना और सबसे महत्वपूर्ण अपनी संस्कृति के विरुद्ध जाना गलत है।

अभिलाषा गुप्ता, मोहाली

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें:**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी* दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**68** करोड़ है भारत में महिलाओं की जनसंख्या, जो कि देश की कुल जनसंख्या का लगभग 48 प्रतिशत है।





मनु त्यागी
manu@nda.jagran.com

आजकल

# गृहिणी नहीं, राष्ट्र निर्माता

**सर्वोच्च न्यायालय ने एक फैसले में कहा है कि समाज गृहिणियों को अब 'हाउसवाइफ' के बजाय 'राष्ट्र निर्माता' के रूप में देखने और स्वीकार करने का प्रयास करे। इसे एक ऐतिहासिक वैचारिक प्रस्थान बिंदु के रूप में देखा जा सकता है। भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में स्त्री-विशेषकर मां और पत्नी को सदा से सृजन, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला माना गया है। किंतु विडंबना यह है कि हम उन्हें वह सम्मान दे पाए हैं, जिसकी वे अधिकारिणी हैं**



गृहिणियों पर सुप्रीम कोर्ट के दृष्टिकोण के बाद देश में शुरू हुई एक नई बहस। प्रतीकात्मक

भारतीय समाज की संरचना में एक स्त्री का 'गृहिणी' या 'होममेकर' होना केवल एक पारिवारिक भूमिका नहीं है, बल्कि वह उस अदृश्य अर्थव्यवस्था की धुरी है, जिस पर पूरे देश का आर्थिक और सामाजिक ढांचा टिका हुआ है। उनका श्रम कभी औपचारिक रूप से दर्ज नहीं होता। वे न छुट्टियां लेती हैं, न उनकी कोई सेवानिवृत्ति होती है और न ही उनके पास कोई 'सैलरी स्लिप' होती है। इसी पृष्ठभूमि में हाल में सर्वोच्च न्यायालय का यह आकलन कि गृहिणियों का घरेलू कार्य किसी भी मायने में कमतर श्रम नहीं है और इसके लिए न्यूनतम 30,000 रुपये मासिक मुआवजा निर्धारित किया जाना चाहिए, एक ऐतिहासिक वैचारिक प्रस्थान बिंदु के रूप में देखा जा सकता है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि अब 'हाउसवाइफ' शब्द को समाज 'राष्ट्र निर्माता' के रूप में देखने और स्वीकार करने का प्रयास करे। अदालत के इस दृष्टिकोण से जो सत्य उभरकर सामने आया है, वह कोई नया नहीं है। हमारे धर्मग्रंथों, पुराणों और भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में स्त्री-विशेषकर मां और पत्नी को सदा से सृजन, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला माना गया है। किंतु विडंबना यह है कि हमारी सामाजिक संकीर्णताओं के कारण हम उनके इस वास्तविक स्वरूप को न तो पूरी तरह स्वीकार कर पाए हैं और न ही उन्हें वह सम्मान दे पाए हैं, जिसकी वे अधिकारिणी हैं।

हमारी भारतीय संस्कृति में स्त्री को केवल चारदीवारी के भीतर रहने वाली 'होममेकर' या गृहिणी के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्र की चेतना और निर्माता के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है। भारतीय वांग्मय अपने समृद्ध शब्द-संसार के माध्यम से स्पष्ट रूप से बताता है कि स्त्री ने केवल परिवार का ही नहीं, बल्कि इस राष्ट्र के चरित्र और संस्कृति का भी निर्माण किया है। ऋग्वेद का प्रसिद्ध सूक्त कहता है- "अहं राष्ट्री संगमनी वसूनाम्।" अर्थात मैं राष्ट्र को संगठित करने वाली और उसे समृद्धि प्रदान करने वाली शक्ति हूं। वैदिक काल में स्त्रियां केवल घरेलू कार्यों तक सीमित नहीं थीं। वे 'ब्रह्मवादिनी' थीं, जो दर्शन, शास्त्रार्थ और नीति-निर्णयों में सक्रिय रूप से भाग लेती थीं। राजा जनक की सभा में याज्ञवल्क्य जैसे प्रकांड विद्वान को चुनौती देने वाली गार्गी और अमरत्व के ज्ञान की जिज्ञासा रखने वाली मैत्रेयी इस तथ्य का प्रमाण हैं कि राष्ट्र की बौद्धिक और आध्यात्मिक नींव को मजबूत करने में स्त्रियों का केंद्रीय योगदान था। इन विदुषियों ने न केवल वैदिक चिंतन को समृद्ध किया, बल्कि तत्कालीन सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना को भी गहराई से प्रभावित किया। पुराणों में स्त्री को 'शक्ति' के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है। जब-जब राष्ट्र अथवा संपूर्ण सृष्टि पर संकट आया, तब-तब देवताओं की समस्त शक्तियों के संचयन से देवी दुर्गा या महाकाली का प्राकट्य हुआ।

यह प्रतीक है कि राष्ट्र की रक्षा और पुनरुद्धार की अंतिम जिम्मेदारी स्त्री शक्ति पर ही है। पुराणों में स्त्री को तीन प्रमुख रूपों में देखा गया है- सरस्वती (ज्ञान), लक्ष्मी (समृद्धि) और दुर्गा (सुरक्षा)। शिक्षा, अर्थव्यवस्था और रक्षा किसी भी सशक्त राष्ट्र के तीन प्रमुख स्तंभ होते हैं और इन तीनों के अधिष्ठान के रूप में देवियों की प्रतिष्ठा की गई है। रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्यों में भी स्त्रियों की भूमिका केवल गृहस्थी तक सीमित नहीं है। मंदोदरी और कौशल्या जैसी माताओं ने राजाओं को राजधर्म की शिक्षा दी। महाभारत में कुंती और द्रौपदी के संवाद भी राष्ट्र की दिशा निर्धारित करने वाले तथा अधर्म के विरुद्ध संघर्ष की पृष्ठभूमि तैयार करने वाले महत्वपूर्ण प्रसंग हैं। भारतीय ग्रंथों में मां को प्रथम गुरु माना गया है। एक मां केवल संतान को जन्म नहीं देती, बल्कि वह राष्ट्र के भावी नागरिकों के चरित्र, संस्कार और व्यक्तित्व का निर्माण भी करती है। यदि भारत को एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित होना है, तो हमें अपनी उन सांस्कृतिक और पौराणिक जड़ों की ओर देखना होगा, जहां स्त्री को राष्ट्र निर्माण की प्रमुख धुरी और मार्गदर्शक के रूप में स्वीकार किया गया था। वास्तव में स्त्री राष्ट्र का आधार है। किंतु विगत वर्षों से चली आ रही सामाजिक संरचनाओं और संकीर्ण दृष्टिकोणों के कारण उसके इस स्वरूप को पर्याप्त मान्यता नहीं मिल सकी। यही कारण है कि सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार फिर समाज को यह स्मरण कराया है कि गृहिणी केवल घर संभालने वाली महिला नहीं, बल्कि एक 'राष्ट्र-निर्माता' है। आवश्यकता इस बात की है कि समाज भी उसे इसी स्वरूप में स्वीकार करे और उसका सम्मान करे।

**समर्पण बनाम हर्जाना :** अब बात उसी श्रम राशि के प्रश्न की, जो अब भी अनुत्तरित रह जाता है। क्या वास्तव में स्त्री के उस आत्मिक समर्पण, वात्सल्य और श्रम को 30 हजार रुपये के मुआवजे या जीडीपी की जोड़-घटाव वाली गणनाओं से आंका जा सकता है? सर्वोच्च न्यायालय का यह निर्णय अचानक नहीं आया है। देखा जाए तो भारतीय न्यायपालिका समय-समय पर घरेलू श्रम के मूल्य को सुधारने का प्रयास करती रही है। वर्ष 2001 के लता वधवा मामले में न्यायालय ने मृत गृहिणियों के श्रम का सांकेतिक मूल्य मात्र तीन हजार रुपये प्रतिमाह आंका था। इसके बाद कीर्ति बनाम ओरिएंटल इंश्योरेंस (2021) तथा अरविंद कुमार पांडे (2025) जैसे मामलों में न्यायालय ने स्पष्ट रूप से माना कि गृहिणी का योगदान 'अमूल्य' है। 'लास आफ डोमेस्टिक केयर' से संबंधित वर्ष 2026 के इस ऐतिहासिक निर्णय में शीर्ष न्यायालय ने एक नया आधार स्थापित किया है। इसके तहत यदि कोई महिला कामकाजी भी है, तब भी उसकी बाहरी आय के अतिरिक्त 30 हजार रुपये का मुआवजा 'घरेलू देखभाल की क्षति' के रूप में उसे अलग से प्रदान किया जाना चाहिए। साथ ही इस राशि में प्रत्येक तीन वर्ष बाद 10 प्रतिशत की संचयी वृद्धि की भी बात कही गई है। सर्वोच्च न्यायालय का यह दृष्टिकोई गृहिणी के अदृश्य श्रम को मान्यता देता है। यदि श्रम ही धन का आधार है, तो घरेलू श्रम भी धन-सृजन का एक मूलभूत रूप है। यह कार्यबल के पुनरुत्पादन में योगदान देता है, परिवारों का भरण-पोषण करता है और औपचारिक अर्थव्यवस्था को अप्रत्यक्ष रूप से सशक्त बनाता है।

इस 'राष्ट्र-निर्माता' के हित में सम्मान और अधिकारों की मांग आज की नहीं, बल्कि कई दशकों पुरानी है। समय-समय पर इस विषय को लेकर आवाज उठती रही है। इसके लिए 'राष्ट्रीय गृहिणी संघ' जैसे अनेक संगठन और समूह भी सक्रिय रहे हैं, जिन्होंने भारत में गृहिणियों के अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा तथा उनके घरेलू श्रम को आर्थिक मान्यता दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए हैं। इन संगठनों ने समाज के मानस-पटल पर इस विचार को स्थापित करने की कोशिश की है कि गृहिणी का श्रम भी उतना ही महत्वपूर्ण और मूल्यवान है जितना किसी अन्य आर्थिक गतिविधि का। लगभग डेढ़ दशक पहले, वर्ष 2010 और उसके आसपास के वर्षों में भी यह विषय भारतीय राजनीति और महिला अधिकारों के विमर्श में प्रमुखता से उभरा था। उस समय गृहिणियों को वेतन, आर्थिक सुरक्षा अथवा घरेलू श्रम के औपचारिक मूल्यांकन से जुड़े अनेक प्रस्ताव और मांगें सामने आई थीं। अब सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद पुनः उठी यह आवाज कानूनी और सामाजिक स्तर पर क्या स्वरूप ग्रहण करेगी, यह काफी हद तक समाज और व्यवस्था की संवेदनशीलता, दृष्टिकोण तथा नीयत पर निर्भर करेगा।

## घरेलू महिलाओं को मिले सम्मान राशि

गृहिणियां जीवनभर दूसरों की सेवा करती हैं, लेकिन वृद्धावस्था में उनके पास अपनी कोई जमा-पूंजी, पेंशन या सामाजिक सुरक्षा नहीं होती। श्रम के इस असमान विभाजन के कारण महिलाओं को स्वयं के विकास, शिक्षा या कौशल-विकास के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाता। यह स्थिति समाज में पुरुष प्रधानता और महिला निर्भरता की प्रवृत्ति को बनाए रखती है। सड़क दुर्घटनाओं या दांपत्य विवादों से जुड़े मामलों में जब अदालतों को किसी गृहिणी की 'आर्थिक कीमत' निर्धारित करनी होती है, तो किसी ठोस संस्थागत ढांचे के अभाव में अक्सर उनके योगदान का बहुत कम मूल्यांकन किया जाता है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की गणना में घरेलू श्रम के मूल्य को भी शामिल किया जाना चाहिए। इससे देश की अर्थव्यवस्था की अधिक वास्तविक और व्यापक तस्वीर सामने आएगी। सरकार को प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण के माध्यम से घरेलू महिलाओं के लिए 'न्यूनतम गृहभत्ता' अथवा 'सम्मान राशि' जैसी व्यवस्था शुरू करनी चाहिए, जैसा कि हाल के वर्षों में कुछ राज्यों ने 'लाड़ली बहना' और 'गृह लक्ष्मी' जैसी योजनाओं के माध्यम से प्रयास किया है। इस व्यवस्था को केवल लोकलुभावन चुनावी वादे के रूप में नहीं, बल्कि एक वैधानिक अधिकार के रूप में विकसित करने पर गंभीर विमर्श आवश्यक है।

इसके अतिरिक्त, 60 वर्ष की आयु पार कर चुकी प्रत्येक घरेलू महिला के लिए सरकार प्रायोजित पेंशन योजना सभी राज्यों में लागू की जानी चाहिए। उन्हें निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा का प्रत्यक्ष और व्यक्तिगत लाभ भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। सरकार यदि केवल कारपोरेट कर में छूट देने या बड़े उद्योगों को सब्सिडी प्रदान करने के बजाय इस दिशा में निवेश करे, तो इससे देश का सामाजिक ढांचा अधिक सुदृढ़ होगा। इसका सकारात्मक प्रभाव अर्थव्यवस्था और जीडीपी दोनों पर दिखाई देगा। हालांकि वास्तविक चुनौती केवल मुआवजे या आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है। मूल प्रश्न यह है कि क्या भारतीय कानून भविष्य में घरेलू श्रम को औपचारिक मान्यता दे सकेगा, क्या वैवाहिक संपत्ति व्यवस्था को अधिक सशक्त बनाया जा सकेगा और क्या घरेलू कार्यों को परिवार की साझा जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार किया जाएगा। यही वह मूल चिंतन और विमर्श का विषय है, जिस पर गंभीरता से विचार किए जाने की आवश्यकता है। -मनु त्यागी

खरी-खरी

## आधुनिक युग के श्रवण कुमार

प्रतिभा शर्मा

बचपन में श्रवण कुमार की कहानी मां ने सुनाई थी, जिसका गहरा असर मेरे मन पर पड़ा। गरीब श्रवण अपने माता-पिता को कांवड़ में बैठाकर तीर्थ स्थानों पर ले गया, कष्ट उठाए और दशरथ के शब्दभेदी बाण से मारा गया। बड़े होने पर किसी ने इस कहानी को तोड़-मरोड़ कर नई कहानी जोड़ दी, जिसमें कहा गया कि फलानी नदी का पानी पीते ही उसने माता-पिता को आगे ले जाने से इन्कार कर दिया।

आज श्रवण कुमार की कहानी और विस्तृत हो चुकी है। पहले कहा जाता था कि ऐसा बेटा होना चाहिए, लेकिन अब बिना कहे ढेर सारे श्रवण कुमार कुकुरमुत्तों की तरह दिखाई देने लगे हैं, बशर्ते कि माता-पिता के पास भरपूर पैसा हो। मगर मां-बाप उनके साथ न रहें और वे उसी पैसे को समाज में दिखावे के लिए खर्च करें। समय तेजी से बदल गया है, लेकिन बुढ़ापे में पैसा नहीं, अपनों के साथ की जरूरत होती है। बात करने की, अपनी तकलीफें बांटने की इच्छा होती है, लेकिन वे अकेले रह जाते हैं। उन पर तमाम बंदिशें लग जाती हैं और वे अपने पैसे का उपयोग भी अपनी इच्छा से नहीं कर सकते।

पालक भी धृतराष्ट्र बन जाते हैं और खुलकर विरोध नहीं कर पाते। यह चिंतन का विषय है कि हम कौन से श्रवण कुमार पैदा कर रहे हैं, जो केवल अपने सुख में मस्त हैं। माता-पिता शिकवा भी नहीं कर सकते, क्योंकि वे जानते हैं कि अब पछताने से कोई फायदा नहीं। लोग हंसेंगे और उन्हें सुनाएंगे। यह सब पैसों की माया है। सावधान रहें, आधुनिक श्रवण कुमारों से। यह जरूरी है कि आप अपना जीवन अपनी इच्छा से गुजारें। आपने अपने बच्चों के सारे दायित्व पूरे किए हैं, तो उन्हें भी अपने दायित्व खुद के बल पर पूरे करने का अवसर दें। आपका बुढ़ापा उनके देखभाल करने वाले को पैसा देकर नहीं, बल्कि जिम्मेदारी समझकर बिताना चाहिए। मां-बाप की सच्ची सेवा वही कहलाएगी। यह युग केवल पैसों में सिमट गया है। मानव इतना डूब चुका है कि सारे रिश्ते पैसे के साथ बंधकर रह गए हैं। दोष केवल बच्चों का नहीं, बल्कि अति महत्वाकांक्षी मां-बाप का भी है।

### पोस्ट

हिंदुओं की आस्था के केंद्र श्रीराम मंदिर के चढ़ावे में सामने आई बड़ी चोरी को लेकर तमाम हिंदू संगठनों से लेकर हिंदू धर्म के ठेकेदारों और हिंदुओं का झंडा लेकर चलने वाले लोगों में गजब की खामोशी देखने को मिली है। उनके मुंह से एक शब्द नहीं फूट रहा। हर बात पर बोलने वालों की भी बोलती बंद है। समीर चौगांवकर @semeerc

बीते दिनों अशोक गहलोत ने कहा कि अगर इंदिरा गांधी जैसी नेता होतीं तो वे भाजपा जैसी पार्टी पर प्रतिबंध लगा देतीं। ऐसा कहकर गहलोत ने इंदिरा गांधी की प्रशंसा की है या फिर उनकी फजीहत कराई है।
नवनीत मिश्रा @navneetmishra99



झारखंड के राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा हार गए। जबकि यहां विपक्षी दलों के मोर्चे आइएनडीआइए की कांग्रेस समर्थित झामुमो सरकार है। चुनाव में जीत राजग समर्थित परिमल नथवाणी को मिली है। जाहिर है नथवाणी को विपक्षी दलों के वोट भी मिले होंगे। चुनाव नतीजे का मर्म यही है कि अपना घर संभलता नहीं और ये बातें करते हैं विपक्षी एकता की।
अरविंद चोटिया @arvindchotia



अरुण अशेष
उप राजनीतिक संपादक, बिहार

बिहार डायरी

# बड़ी लकीर खींचने का प्रयास

सरकार अगर ठान ले तो आम जन की कठिनाइयां बहुत हद तक आसान हो सकती हैं। मुख्यमंत्री के पद पर रहते नीतीश कुमार ने इन कठिनाइयों को दूर करने का सूत्र बनाया था। इसे निश्चय का नाम दिया था। पांच-पांच साल के लिए सात-सात निश्चय निर्धारित किए गए। वर्ष 2025 में सात निश्चय का तीसरा संस्करण आया। उसी में एक सूत्र है-सबका सम्मान, जीवन आसान। इस सूत्र में आम आदमी को सरकारी कार्यालयों में अपना काम कराने के दौरान होने वाली कठिनाइयों को दूर करने का लक्ष्य घोषित किया गया है। नीतीश कुमार 15 अप्रैल को पदमुक्त हो गए। उनकी जगह सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री बने। अच्छी बात यह है कि सम्राट ने सात निश्चय के इस सूत्र को अपनी प्राथमिकता में सबसे ऊपर रखा है। इसे हासिल करने के लिए उन्होंने तंत्र को पहले की तुलना में अधिक उत्तरदायी बनाया है। आश्चर्य यह कि एक महीने से कम समय में इसके सकारात्मक परिणाम भी आने लगे हैं। इसके लिए 19 मई से एक महीने के लिए सहयोग शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में लोगों को अपनी समस्याओं का लिखित विवरण जमा करने के लिए कहा गया। ये समस्याएं उन सुविधाओं से जुड़ी हुई हैं, जो सरकार की ओर से आम लोगों को दी जा रही हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में शिविर लगाए गए। इसके अलावा आनलाइन आवेदन का भी विकल्प दिया गया।

ऐसे शिविर पहले भी लगते रहे हैं, लेकिन सहयोग शिविर की विशिष्टता यह बनाई गई कि इसे समय में बांधा गया। सेवा में कमी या त्रुटि रहने पर दंड का प्रविधान किया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दावा किया कि 16 जून तक तीन लाख नौ हजार 919 आवेदन आए। इनमें से दो लाख 69 हजार 240



सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने का मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का निश्चय। फाइल

आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया। निष्पादन की यह दर 91.1 प्रतिशत है। मुख्यमंत्री सचिवालय में एक सेल बनाया गया है। इसमें बैठे अधिकारी और तकनीकी विशेषज्ञ देख रहे हैं कि आवेदनों के निष्पादन में कोताही किस स्तर पर है। इसके लिए तत्काल उत्तरदायित्व का निर्धारण किया जा रहा है। 30 दिन की समय सीमा समाप्त होने के बाद ही यह पता चलेगा कि कितने लोकसेवकों पर दंडात्मक कार्रवाई हो रही है। इसके तहत लापरवाह पदाधिकारी को 10 दिन पर पहला, 20 दिन पर दूसरा और 25 दिन पर तीसरा नोटिस जारी किया जा रहा है। 30 दिन के भीतर भी अगर समस्या का निदान नहीं हो पाया तो इसका ठोस कारण बताना होगा। टाल मटोल प्रमाणित होने पर जिम्मेदार लोकसेवक दंडित होंगे। दंड का पहला चरण निलंबन होगा। यह सेवा समाप्ति तक जा सकती है।

राज्य के आम लोगों की सबसे बड़ी शिकायत यह रही है कि सरकारी कार्यालयों में उनके जरूरी काम समय पर निष्पादित नहीं हो पाते हैं। नीतीश कुमार के शासनकाल में जरूरी सेवाओं के निष्पादन को बंधनकारी बनाया गया। इनके लिए समय सीमा का निर्धारण किया गया। सामान्य प्रमाण पत्र बनाने के मामले में यह प्रयोग बहुत सफल रहा। जाति, आवासीय और आय प्रमाण पत्र बनना पहले की तुलना में बहुत आसान हो गया है, लेकिन जमीन से जुड़े मामलों में लाख सख्ती और चेतावनी के बावजूद चीजें पटरी पर नहीं आ पाई हैं। दाखिल-खारिज के आवेदनों का निष्पादन आज भी बड़ी समस्या बनी हुई है। नियम के अनुसार इस विषय के आवेदनों का अंतिम निष्पादन ढाई महीने के भीतर हो जाना चाहिए। बहुत सुधार के बाद भी ऐसे मामले अधिक संख्या में मिल जाएंगे, जिससे पता चला कि ढाई महीने के बदले ढाई साल में भी मामलों का निष्पादन नहीं हो पा रहा है। आम लोगों के लिए राहत की सूचना यह भी है कि राज्य सरकार 75 दिनों से अधिक समय से लंबित दाखिल खारिज के मामलों के निष्पादन के लिए विशेष अभियान चला रही है। सरकार के इन प्रयासों से तंत्र के प्रति आम लोगों का विश्वास बढ़ा है। इन प्रयासों से संस्थाबद्ध भ्रष्टाचार पर भी प्रहार हो रहा है, क्योंकि रिश्वत की मांग सेवाओं के जल्द निष्पादन के लिए की जाती है। अगर काम समय पर हो जाए तो लोग रिश्वत क्यों देंगे?

सम्राट चौधरी की सरकार के लिए भ्रष्टाचार पर प्रहार करना मजबूरी भी है। नीतीश कुमार के शासनकाल में भी भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई गई थी। यह लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया। इसलिए कि तंत्र ने भ्रष्टाचार के मोर्चे पर उन्हें भी सहयोगी बना लिया था, जिन पर इसे रोकने की जवाबदेही होती है। राज्य सरकार की निगरानी एजेंसियों की सक्रियता पहले की तुलना में बढ़ी हुई है। वैसे भी सम्राट के सामने नीतीश कुमार के शासन की तुलना में बड़ी लकीर खींचने की चुनौती है। यह तभी संभव है जब भ्रष्टाचार पर रोक लगे और आम आदमी का जीवन आसान हो जाए।

### जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या फ्रांस भारत का सबसे भरोसेमंद साझेदार बनकर उभरा है?**





सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

क्या झारखंड के राज्यसभा चुनाव परिणाम आइएनडीआइए में कलह को बयान करते हैं?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

### जनपथ

राहुल भाई ने लिया परशुराम अवतार,
अब किसका सिर काटकर वे टालेंगे हार।
वे टालेंगे हार पार्टी मरती जाती,
राज्यसभा की सीट तलक तो जीत न पाती।
बीते छप्पन वर्ष चले बस कोस अढ़ाई,
पीएम कैसे आप बनोगे राहुल भाई!

-ओम प्रकाश तिवारी

झारखंड डायरी



शशि शेखर
संपादकीय प्रभारी, रांची

# नशा मुक्त झारखंड का संकल्प

नशाखोरी केवल झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश की एक गंभीर, घातक और जानलेवा समस्या है। इससे मुक्ति अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ठीक ही कहा है कि नशा विनाश की जड़ है। नशाखोरी परिवार, समाज और राज्य की प्रगति के लिए एक गंभीर चुनौती है। इसका मनुष्य के शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यह न केवल नशा करने वाले व्यक्ति को बीमार बनाता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी गहरे संकट में डाल देता है। देश की युवा पीढ़ी सबसे अधिक इसकी गिरफ्त में है। युवाओं को नशे की लत से मुक्त कर उन्हें रचनात्मक दिशा में आगे बढ़ाना प्रत्येक संवेदनशील सरकार का दायित्व है। पंजाब सरकार भी इस दिशा में अभियान चला रही है। अब झारखंड सरकार ने भी इस दिशा में ठोस पहल की है। झारखंड को नशामुक्त बनाने का संकल्प मुख्यमंत्री ने लिया है। राज्य सरकार ने मादक पदार्थों की लत से लोगों को मुक्त कराने, मादक पदार्थों के सेवन, तस्करी एवं उनके दुष्प्रभावों के प्रति आम जनता को जागरूक करने और युवाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए 'नशा मुक्त झारखंड' अभियान शुरू किया है। यह अभियान राज्य के समस्त जनमानस और विशेष रूप से युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराएगा तथा उन्हें स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने भी करेगा। इस अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने 80 जागरूकता रथों को रवाना किया है, जो 26 जून तक राज्य के सभी 24 जिलों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाना है। सरकार ने इसके लिए विस्तृत रोडमैप तैयार किया है। इसके लिए झारखंड में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) को और अधिक सशक्त बनाया गया है। पहले से कार्यरत इस बल का पुनर्गठन सीआइडी झारखंड के एडीजी द्वारा किया गया है। इसमें न केवल पदाधिकारियों की संख्या बढ़ाई गई है, बल्कि झारखंड जगुआर अर्थात स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के 40 कमांडो की एक टुकड़ी भी इसमें शामिल की गई है। ये वही कमांडो हैं, जिन्हें पहले माओवादियों के विरुद्ध अभियानों में तैनात किया गया था। यह बल पूरे राज्य में बिना किसी थाने की सहायता के भी छापेमारी कर सकता है तथा प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई कर सकता है। हाल में राज्य सरकार ने मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान चलाने, नशे के कारोबार की सूचना देने वाले गुप्तचरों के लिए प्रोत्साहन योजना लागू करने तथा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल करते हुए एक संकल्प पत्र जारी किया है। अब एएनटीएफ की सीधी निगरानी सीआइडी के एडीजी करेंगे तथा इसका नियंत्रण विभाग भी सीआइडी ही होगा। इसमें शामिल अधिकारी सूचना संग्रह, अंतरराज्यीय समन्वय और वित्तीय लेन-देन की जांच जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर कार्य करेंगे। साथ ही राज्य के सभी 24 जिलों के एसएसपी और एसपी के समन्वय से अभियान संचालित किया जाएगा। राज्य में अफीम, गांजा, ब्राउन शुगर, प्रतिबंधित सिरप, इंजेक्शन और अन्य नशीली दवाओं के विरुद्ध एएनटीएफ ने अपने अभियान को और तेज करने का निर्णय लिया है।

झारखंड के 24 जिलों में से 14 जिले ऐसे हैं, जहां अफीम की खेती सबसे अधिक होती है। इनमें रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पलामू, लातेहार, गढ़वा, हजारीबाग, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा), चतरा, कोडरमा और देवघर शामिल हैं। पुलिस तंत्र का विशेष फोकस इन जिलों पर भी रहेगा। झारखंड की भौगोलिक संरचना ऐसी है कि यहां दूर-दराज के पहाड़ी क्षेत्रों में अफीम की खेती की जाती है, जहां पुलिस की पहुंच कठिन होती है। जंगलों और पहाड़ों की तलहटी में होने वाली





युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए साथ आएं सरकार और समाज। फाइल

इस खेती पर अंकुश लगाना पुलिस-प्रशासन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। यही क्षेत्र कभी नक्सलियों के गढ़ माने जाते थे। अफीम की खेती नक्सली संगठनों की आय का एक प्रमुख स्रोत भी रही है। हालांकि अब नक्सली गतिविधियां कुछ सीमित क्षेत्रों तक सिमट गई हैं, जिससे पुलिस के लिए इन इलाकों तक पहुंचना अपेक्षाकृत आसान हो गया है।

भारत में किए गए राष्ट्रीय सर्वेक्षणों के अनुसार, देश में 37 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी रूप में नशे का सेवन करते हैं। इस विशाल आबादी में तंबाकू के बाद शराब और भांग का सबसे अधिक प्रचलन है। इसके अलावा अफीम और सिडेटिव दवाओं की लत की चपेट में भी लाखों युवा हैं। इन युवाओं को नशे से बचाने का दायित्व सरकार पर है, लेकिन इसके लिए समाज को भी आगे आना होगा। यह केवल प्रशासन या सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। जब सरकार और समाज दोनों मिलकर समन्वित प्रयास करेंगे, तभी इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकेगा। राज्य को नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति सभी के सहयोग से ही संभव है इसके साथ ही कला और संस्कृति को भी इस अभियान से जोड़ना होगा। सांस्कृतिक चेतना से संपन्न मन नशाखोरी का आसानी से आदी नहीं बनता।

## 2030 तक 39 अरब डालर का होगा सौंदर्य उत्पाद बाजार

**नई दिल्ली:** दिग्गज ई-कामर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने एक ताजा रिपोर्ट में अनुमान जताया है कि वर्ष 2030 तक भारत के सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल (बीपीसी) उत्पाद बाजार का आकार 39 अरब डालर तक पहुंचने का अनुमान है। इसमें उपभोक्ता व्यवहार में आए बुनियादी बदलाव का प्रमुख योगदान होगा। अभी बीपीसी उत्पाद बाजार का आकार 27 अरब डालर होने का अनुमान है। फ्लिपकार्ट के अनुसार, उपभोक्ता उसकी वेबसाइट से हर सेकेंड 12 सौंदर्य उत्पादों की खरीद कर रहे हैं। (प्रेट्र)



भारत व जर्मनी के सामने आयातित जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता को कम करने और ऊर्जा स्वतंत्रता बढ़ाने की समान चुनौती है।
**-फिलिप एकरमैन, भारत में जर्मन राजदूत**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | 76,802.90 | ▼ 607.08 |
| निफ्टी | 24,013.10 | ▼ 154.90 |
| सोना प्रति दस ग्राम | ₹ 1,50,600 | ▼ ₹ 2,840 |
| चांदी प्रति किलो ग्राम | ₹ 2,40,700 | ▼ ₹ 8,040 |
| डालर | ₹ 94.33 | ▼ ₹ 0.07 |
| क्रूड प्रति बैरल | $ 79.39 | |

# एआइ-सेटेलाइट संचार क्षेत्र में उतरेगी रिलायंस

## चेयरमैन मुकेश अंबानी का एलान, रिलायंस इंटेलिजेंस को नए ग्रोथ इंजन के रूप में आगे बढ़ाएगी कंपनी

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** रिलायंस इंडस्ट्रीज की 49वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को संबोधित करते हुए चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के क्षेत्र में कंपनी की महत्वाकांक्षी योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत को बाहर बने एआइ का केवल उपभोक्ता नहीं बने रहना चाहिए। भारत को एआइ का निर्माता और ग्लोबल लीडर बनना चाहिए। इसी सोच के साथ रिलायंस इंटेलिजेंस को कंपनी के नए ग्रोथ इंजन के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। कंपनी ने सेटेलाइट संचार क्षेत्र में भी उतरने का एलान किया।

आरआइएल का उद्देश्य उपभोक्ताओं, उद्यमों और सरकारों के लिए बड़े पैमाने पर एआइ इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्लेटफार्म और सेवाओं का लाभकारी बिजनेस तैयार करना है। जियो प्लेटफार्म्स के एमडी आकाश अंबानी ने रिलायंस इंटेलिजेंस की सेवाओं और एआइ उत्पादों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जामनगर में भारत का संप्रभु एआइ बैकबोन (एआइ सुविधा देने के लिए समग्र केंद्र) विकसित किया जा रहा है। आकाश अंबानी ने कंपनी की एक प्रमुख भावी रणनीति की जानकारी देते हुए कहा कि जियो संचार कनेक्टिविटी के नए क्षेत्र यानी सेटेलाइट संचार में उतरेगी और इसके लिए स्वदेशी संचार उपग्रहों का उपयोग करेगी। उन्होंने कहा, 'जियो ने भारत को जमीन पर जोड़ा है। अब हमें भारत को आसमान से जोड़ना है। अभी भी देश के सबसे दूरदराज गांव, द्वीप समुदाय और सीमा चौकियां ऐसी हैं जहां जियो का नेटवर्क नहीं पहुंच पाता। इनके लिए सेटेलाइट कनेक्टिविटी भारत के बाकी हिस्सों से पुल का काम करेगी।' इसके लिए जियो भारत के लिए संप्रभु लो अर्थ आर्बिट (एलईओ) सेटेलाइट कांस्टेलेशन विकसित करने की संभावना का मूल्यांकन कर रहा है। इस क्षेत्र में एलन मस्क की स्टारलिंक एक बड़ी कंपनी है। शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि उत्तराधिकार योजना लगभग पूरी हो गई।

**भारत का एआइ भारतीय भाषा में करेगा बात: आकाश :** आकाश अंबानी ने कहा, 'दुनिया के एआइ प्लेटफार्म पहले अंग्रेजी में बनते हैं और बाद में उनका अनुवाद किया जाता है। इसके विपरीत, जियो भारतीय भाषाओं में नेटिव एआइ बना रहा है। भारत का एआइ भारतीय भाषा में बोलेगा। भारत के दिलों को जोड़ेगा। भारत की तस्वीर और तकदीर बदलेगा।' रिलायंस इंटेलिजेंस 22 भारतीय भाषाओं में भरोसेमंद, किफायती और बहुभाषी एआइ सेवाएं देने की तैयारी कर रहा है। इनमें जियोभारत एआइक्यू, एआइ व्यापार, जियोहेल्थएआइक्यू, जियोलर्नएआइक्यू और जियोकृषिएआइक्यू जैसी सेवाएं शामिल होंगी।



49वी एजीएम को संबोधित करते रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी ● प्रेट्र

- बड़े पैमाने पर एआइ इन्फ्रा, प्लेटफार्म और सेवाओं का बिजनेस तैयार करने का प्रयास
- लो अर्थ आर्बिट सेटेलाइट कांस्टेलेशन विकसित करने की संभावना का हो रहा मूल्यांकन

### न्यू एनर्जी अगली विकास यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा : अनंत

ऊर्जा कारोबार का नेतृत्व कर रहे अनंत अंबानी ने कंपनी के न्यू एनर्जी कारोबार को रिलायंस की अगली बड़ी विकास यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। इस वित्त वर्ष से न्यू एनर्जी बिजनेस रिलायंस के वित्तीय प्रदर्शन में सार्थक योगदान देना शुरू करेगा। सोलर माड्यूल्स से व्यावसायिक राजस्व इसी वर्ष शुरू होगा और बैट्री फैक्ट्री भी इसी वर्ष शुरू होगी। अनंत अंबानी ने कहा, 'रिलायंस ने ग्रीन अमोनिया के लिए सैमसंग सीएंडटी के साथ दीर्घकालिक आपूर्ति समझौता किया है। कंपनी के अनुसार, यह दुनिया के सबसे बड़े ग्रीन अमोनिया आफटेक करारों में से एक है और उसके ग्रीन हाइड्रोजन प्लेटफार्म की व्यावसायिक प्रतिस्पर्धात्मकता को साबित करता है।' साफ है कि आरआइएल की यह सालाना बैठक भविष्य की सभी प्रमुख तकनीकों डिजिटल कनेक्टिविटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्वच्छ ऊर्जा पर कंपनी के रणनीतिक फोकस को साफ करती हैं।

# गारमेंट-इलेक्ट्रानिक उत्पाद बनाएगी रिलायंस

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** गारमेंट और इलेक्ट्रानिक्स आइटम के रिटेल स्टोर को रिलायंस इंडस्ट्रीज कड़ी टक्कर देने जा रही है। रिलायंस इन उत्पादों की मैन्यूफैक्चरिंग कर उसे सीधा अपने स्टोर में बेचेगी। इससे ग्राहकों को अन्य रिटेल स्टोर के मुकाबले कम दाम पर ये सामान मिलेंगे। इन आइटम का रिलायंस निर्यात भी करेगी। रिलायंस मैन्यूफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट के लिए दो प्लेटफार्म बनाने जा रही है।

शुक्रवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की आम सभा में कंपनी की तरफ से यह जानकारी दी गई। मुख्य रूप से आम उपभोक्ताओं से जुड़े सामान जैसे कि प्रोसेस्ड फूड्स, गारमेंट व टीवी, फ्रिज जैसे इलेक्ट्रानिक्स आइटम का निर्माण कंपनी करने जा रही है। इन आइटम की बिक्री रिलायंस के स्टोर के जरिये होगी। कंपनी सूत्रों का कहना है कि गारमेंट मैन्यूफैक्चरिंग के लिए देशभर में 21 क्लस्टर तैयार किए जा रहे हैं। पहले से मैन्यूफैक्चरिंग कर रहे क्लस्टर से भी संपर्क किया जा रहा है। इसी प्रकार से प्रोसेस्ड फूड्स और टीवी व फ्रिज जैसे इलेक्ट्रानिक्स आइटम की मैन्यूफैक्चरिंग के लिए भी क्लस्टर तैयार किए जा रहे हैं या फिर पहले से इनके निर्माण में जुटे क्लस्टर से संपर्क किया जा सकता है। मैन्यूफैक्चरिंग के बाद उसे स्टोर में लाकर बिक्री करने से बाजार के मुकाबले इन आइटम की कीमत कम होगी। आम चलन के मुताबिक किसी आइटम को निर्माता से उसे बड़े डीलर खरीदते हैं, फिर थोक विक्रेता बड़े डीलर से उसे खरीदता है और फिर खुदरा विक्रेता उसे खरीदकर ग्राहकों को बेचता है। ऐसे में उस आइटम की कीमत अधिक हो जाती है।




- अपने रिटेल स्टोर से कम मूल्य पर इन उत्पादों की बिक्री करेगी कंपनी
- कंपनी मैन्यूफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट के लिए बनाने जा रही है दो प्लेटफार्म
- गारमेंट मैन्यूफैक्चरिंग के लिए देशभर में तैयार किए जा रहे हैं 21 क्लस्टर

### कृषि संबंधित उत्पादों के लिए बैक एंड सुविधा तैयार की जाएगी

कंपनी कृषि से जुड़े उत्पादों का भी निर्माण करेगी। अभी देश में 25-30 प्रतिशत खाद्य वस्तुएं कोल्ड चेन, स्टोरेज जैसी बैकएंड सुविधा के अभाव में बर्बाद हो जाती हैं। रिलायंस कृषि संबंधित आइटम को तैयार करने के लिए बैक एंड सुविधा तैयार करेगी। रिलायंस रिटेल के देशभर में 20,000 से अधिक स्टोर हैं। इलेक्ट्रानिक्स आइटम, गारमेंट्स और खाने-पीने के सामान की बिक्री खुदरा स्तर पर बड़ी मात्रा में होती है।

## एक नजर में

### बीते हफ्ते 9.98 अरब डालर घटा विदेशी मुद्रा भंडार

**मुंबई:** बीते सप्ताह देश के विदेशी मुद्रा भंडार में करीब 10 अरब डालर की गिरावट आई है। शुक्रवार को जारी आरबीआइ डाटा के अनुसार, 12 जून को समाप्त सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 9.985 अरब डलर घटकर 671.625 अरब डालर रहा है। (प्रेट्र)

### चीन-जापान के केमिकल के खिलाफ डंपिंग रोधी जांच

**नई दिल्ली:** वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि भारत ने चीन और जापान से टायर व रबर के उत्पाद बनाने में इस्तेमाल होने वाले एक केमिकल के आयात के खिलाफ डंपिंग रोधी जांच शुरू की है। विदेश के इंपोर्ट के खिलाफ़ एंटी-डंपिंग जांच शुरू की है। यह जांच अतुल लिमिटेड की ओर से गई शिकायत के बाद शुरू की गई है। (प्रेट्र)

# सेबी ने ओपन मार्केट बायबैक फिर शुरू करने की मंजूरी दी

**मुंबई, प्रेट्र:** कैपिटल मार्केट रेग्युलेटर सेबी के बोर्ड ने शुक्रवार को कई प्रस्तावों को मंजूरी दी, जिसमें स्टाक एक्सचेंजों के माध्यम से ओपन मार्केट शेयर बायबैक को फिर से शुरू करना, म्यूचुअल फंड्स के लिए इंट्रा-डे उधारी नियमों में ढील देना और निवेशक की मृत्यु के बाद शेयर हस्तांतरण प्रक्रिया को सरल बनाना शामिल है।

इसके अलावा, बोर्ड ने वैकल्पिक निवेश फंड्स (एआइएफ) की ओर से योजनाओं की लांचिंग में तेजी लाने के लिए एक ग्रीन-चैनल मैकेनिज्म 'गरुड़ा' स्थापित करने का निर्णय लिया। यह मैकेनिज्म एआइएफ को अपने प्लेसमेंट मेमोरेंडम दाखिल करने के 10 कार्य दिवसों के भीतर फंड जुटाने की अनुमति देता है, जबकि वर्तमान में प्रतीक्षा अवधि 30 दिन है।

**सेबी के बोर्ड ने निवेशक की मृत्यु के बाद शेयर हस्तांतरण करने की प्रक्रिया को सरल बनाने की भी मंजूरी दी**

इसके अतिरिक्त, सेबी बोर्ड ने कृषि वस्तु डेरिवेटिव ट्रेडिंग को फिर से शुरू करने के लिए उपायों को मंजूरी दी। ओपन मार्केट शेयर बायबैक को फिर से शुरू करने से कंपनियों को बायबैक करने के लिए एक अतिरिक्त मैकेनिज्म मिलेगा। यह एक अगस्त से लागू होगा। बायबैक 66 दिन में पूरा करना होगा।

इसके अलावा सेबी ने नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) के पुराने मामलों के निपटान आवेदनों को भी मंजूरी दे दी है। सेबी को उम्मीद है कि जल्द ही यह मामले सुलझ जाएंगे।

# दो महीने के निचले स्तर पर पहुंची चांदी

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** वैश्विक और घरेलू बाजारों में दबाव के चलते सोने और चांदी की कीमतों में दबाव जारी है। शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में चांदी 8,040 रुपये घटकर 2,40,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। यह इसका करीब दो महीने का निचला स्तर है। सात अप्रैल 2026 को चांदी का मूल्य 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम था।

इसी तरह, सोने के मूल्य में लगातार चौथे दिन 2,840 रुपये की कमी दर्ज की गई। आल इंडिया सराफा एसोसिएशन के अनुसार, अब इसका मूल्य 1,50,600 रुपये प्रति दस ग्राम रह गया है।

जानकारों का कहना है कि सराफा बाजार पर दबाव बना हुआ है क्योंकि निवेशक डालर को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसकी वजह यह उम्मीद है कि अमेरिका में ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची बनी रह सकती हैं।

# एक्सेंचर के राजस्व अनुमान घटाने से आइटी शेयर टूटे

**मुंबई, प्रेट्र:** वैश्विक टेक कंपनी एक्सेंचर के राजस्व अनुमान में कटौती से शेयर बाजार में पांच दिन से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लग गया। सूचना-प्रौद्योगिकी कंपनियों में भारी बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 607.08 अंक या 0.78 प्रतिशत गिरकर 76,802.90 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह एक समय 940.26 अंक तक गिरकर 76,469.72 पर आ गया था। वहीं एनएसई निफ्टी 154.90 अंक या 0.64 प्रतिशत गिरकर 24,013.10 पर बंद हुआ। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 3,577.43 अंक या 4.84 प्रतिशत बढ़ा था और निफ्टी में 1,006.4 अंक या 4.34 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई थी।

सेंसेक्स में आइटी कंपनियों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। इन्फोसिस में लगभग सात प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई आइटी इंडेक्स 3.57 प्रतिशत गिरा। इसके अलावा, एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और हिंदुस्तान यूनिलीवर भी गिरकर बंद हुए। हालांकि, इटरनल, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड और एनटीपीसी फायदे में रहे।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.58 प्रतिशत गिरकर 79.39 डालर प्रति बैरल पर आ गया है। दक्षिण कोरिया का कास्पी थोड़ा नीचे बंद हुआ, जबकि जापान का निक्केई225 इंडेक्स ऊपर बंद हुआ।

- सूचना-प्रौद्योगिकी कंपनियों में भारी बिकवाली से सेंसेक्स में 607 अंकों की गिरावट
- नए सिरे से भू-राजनीतिक अनिश्चितता बढ़ने से निवेशकों ने की मुनाफावसूली



**76,802** पर बंद हुआ बीएसई का बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स

| आइटी शेयर में गिरावट (% में) | |
|---|---|
| इन्फोसिस | 6.99 |
| एलटीएम लिमिटेड | 4.12 |
| टीसीएस | 3.53 |
| एचसीएल टेक | 2.74 |
| टेक महिंद्रा | 2.47 |
| विप्रो | 1.20 |

(इस गिरावट से इन सभी कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 77,597.46 करोड़ रुपये की कमी आई)

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

### एसबीआइ म्यूचुअल फंड समेत पांच आइपीओ को मंजूरी

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** एसबीआइ म्यूचुअल फंड समेत कुल पांच कंपनियों को सेबी से आइपीओ लाने की मंजूरी मिल गई है। अन्य कंपनियों में एजीएस हेल्थ, पीजीपी ग्लास, श्रेनी शेयर्स और एसआरआइटी इंडिया शामिल हैं। मसौदा दस्तावेजों के अनुसार, एसबीआइ म्यूचुअल फंड का प्रस्तावित आइपीओ पूरी तरह से आफर फार सेल (ओएफएस) पर आधारित है। यानी इसमें नए शेयर नहीं होंगे। इस आइपीओ में 20.37 करोड़ शेयर बिक्री के लिए पेश किए जाएंगे। सूत्रों के अनुसार, इसका आकार 13 हजार करोड़ रुपये हो सकता है और यह अगले महीने सब्सक्रिप्शन के लिए खुल सकता है। दूसरी ओर, एजीएस हेल्थ और पीजीपी ग्लास आइपीओ के जरिये क्रमश: 4,500 करोड़ रुपये और 4,100 करोड़ रुपये जुटा सकती हैं।

## राष्ट्रीय फलक

# शेयर मूल्य बाद में तय करेगी जियो

प्रथम पृष्ठ से आगे

सूत्र के मुताबिक, आइपीओ से प्राप्त होने वाली रकम में से 27,500 करोड़ रुपये का इस्तेमाल कुछ बकाया के समय पूर्व भुगतान और आम कारपोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। 31 मार्च, 2026 तक कंपनी और उसकी सब्सिडियरी पर 71,529.2 करोड़ रुपये का कर्ज था। आइपीओ शेयर का मूल्य और किस लाट पर आवेदन कर सकेंगे इसका फैसला कंपनी बाद में करेगी। जियो प्लेटफार्म्स में रिलायंस इंडस्ट्रीज की हिस्सेदारी 66.43 प्रतिशत है। 2020 में, जियो प्लेटफार्म्स ने फेसबुक के प्रमोटर मेटा से 9.99 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 43,574 करोड़ रुपये और गूगल से 7.73 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 33,737 करोड़ रुपये जुटाए थे। इसके अलावा, सिल्वर लेक, विस्टा इक्विटी पार्टनर्स, जनरल अटलांटिक, केकेआर, मुबाडाला, एडीआइए, टीपीजी, एल कैटरटन, पीआइएफ, इंटेल कैपिटल और क्वालकाम वेंचर्स जैसे ग्लोबल फाइनेंशियल स्पांसर्स, सावरेन इन्वेस्टर्स और स्ट्रेटेजिक इन्वेस्टर्स के एक बड़े ग्रुप से लगभग 15.2 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर लगभग 74,745 करोड़ रुपये जुटाए थे। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बताया कि जियो के आइपीओ की पूरी प्रक्रिया उनके तीनों बच्चे आकाश, ईशा व अनंत संभालेंगे और ये जियो में अगले चरण की वृद्धि और मूल्य सृजन के प्रमुख सूत्रधार होंगे।

| कंपनी | मूल्य | वर्ष |
|---|---|---|
| एनएसई* | 30,000 | 2026 |
| हुंडई इंडिया | 27,870 | 2024 |
| एलआइसी | 21,006 | 2022 |
| पेटीएम | 18,300 | 2021 |
| कोल इंडिया | 15,200 | 2010 |

अब तक के पांच बड़े आइपीओ — * प्रस्तावित। (मूल्य करोड़ रुपये में)

जियो का आइपीओ भारत की वैश्विक तकनीकी महत्वाकांक्षाओं का प्रतीक है। यह लिस्टिंग रिलायंस के शेयरधारकों के लिए मूल्य अनलाक (ज्यादा रिटर्न) करेगी और नए निवेशकों को कंपनी की भविष्य की वृद्धि में भागीदारी का अवसर प्रदान करेगी।
**- मुकेश अंबानी, चेयरमैन, रिलायंस इंडस्ट्रीज**

# परंपरागत युद्ध और इसके साधन आज भी 1947 की तरह प्रासंगिक : राजनाथ

**नागपुर, प्रेट्र :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि परंपरागत युद्ध और इसके साधन आज भी 1947 की तरह प्रासंगिक हैं और इसी कारण एक सैन्य-औद्योगिक आधार भविष्य में भी महत्वपूर्ण बना रहेगा। उन्होंने कहा कि जब युद्ध के दौरान आपूर्ति प्रणाली प्रभावित होती है, तो हर देश चाहता है कि आवश्यक वस्तुएं घरेलू स्तर पर निर्मित हों। एक ऐसा देश जो अपनी आवश्यकताओं को पूरा कर सकता है, वह आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकता है।

नागपुर के अंबाझरी में यंत्र इंडिया लिमिटेड (वाइआइएल) के आर्डनेंस फैक्ट्री में 10,000 टन के अत्याधुनिक एल्युमिनियम एक्सट्रूजन प्रेस (एईपी) का भूमि पूजन करने के बाद शुक्रवार को राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने अगले कुछ वर्षों में तीन लाख करोड़ रुपये की रक्षा उत्पादन और 50,000 करोड़ रुपये के रक्षा निर्यात का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा, 'हम अक्सर कहते हैं कि युद्ध की प्रकृति बदल रही है। सीमाएं धुंधली हो रही हैं। दुश्मनों की पहचान नहीं हो पा रही है। सेनाएं एक स्थान पर खड़ी हो सकती हैं और देश अस्थिर हो सकते हैं। यह सब सच है, लेकिन यह भी सच है कि कन्वेंशनल युद्ध और इसके साधन आज भी 1947 की तरह प्रासंगिक हैं।'

उन्होंने कहा, 'इससे अधिक, उनकी प्रासंगिकता 2047 में भी आज की तरह लगभग समान रहेगी। हमें इस वास्तविकता को भी स्वीकार करना चाहिए। इसलिए, सैन्य-औद्योगिक आधार का महत्व लंबे समय तक बना रहेगा। मेरा कहना है कि इसका महत्व, जो अतीत में इतना महत्वपूर्ण था और अब भी है, भविष्य में भी उतना ही महत्वपूर्ण रहेगा।' सिंह ने कहा कि आज एल्युमिनियम एक्सट्रूजन प्रेस का भूमि पूजन देश के बदलते मानसिकता को दर्शाता है। जिन चीजों के लिए भारत को पहले बाहर देखना पड़ता था, वे धीरे-धीरे देश में निर्मित हो रही हैं।

इस कार्यक्रम के बाद रक्षा मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय का दौरा किया और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत से मुलाकात की।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नागपुर में अत्याधुनिक एल्युमीनियम एक्सट्रूजन प्रेस का गैती चलाकर भूमि पूजन किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी उपस्थित रहे। प्रेट्र

# आरबीआइ ने किसान क्रेडिट कार्ड के मानदंडों में किया संशोधन

**मुंबई, प्रेट्र :** आरबीआइ ने शुक्रवार को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना में संशोधन किया। इसमें फसल सीजन की परिभाषा को मानकीकृत किया गया है ताकि ऋण स्वीकृति और पुनर्भुगतान कार्यक्रमों में एकरूपता सुनिश्चित की जा सके। नए मानदंड जनवरी 2026 से लागू माने जाएंगे। आरबीआइ ने फसल सीजन की परिभाषा को आय मान्यता और संपत्ति वर्गीकरण (आइआरएसी) मानदंडों के अनुरूप संशोधित किया गया है। इसके तहत, अल्पकालिक फसलों के लिए फसल सीजन को 12 महीने और दीर्घकालिक फसलों के लिए 18 महीने के रूप में मानकीकृत किया गया है। फसल सीजन का मतलब फसल उगाने से लेकर उसकी कटाई और मार्केटिंग तक का समय है।

आरबीआइ ने बिना गारंटी वाले लोन की सीमा बढ़ाने के सुझावों को खारिज कर दिया। कहा कि इसे दिसंबर 2024 में बढ़ाया गया था और अभी इसे और बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। कहा कि बैंकों को प्रति उधारकर्ता दो लाख रुपये तक के कृषि लोन के लिए गारंटी सुरक्षा और मार्जिन को खत्म कर देना चाहिए। नए नियमों के अनुसार, अगर केसीसी लोन फसल या स्टाक को गिरवी रखकर लिया गया है तो बैंक तीन लाख रुपये तक के लोन के लिए गिरवी रखी जाने वाली संपत्ति की शर्त में छूट दे सकते हैं। बैंकों को अपनी क्रेडिट पालिसी के अनुसार, फसल की खेती और उससे जुड़ी गतिविधियों के लिए अल्पकालिक सीमा की समीक्षा और नवीनीकरण करना चाहिए।

- नए मानदंडों में फसल सीजन की परिभाषा को मानकीकृत किया गया
- बिना गारंटी वाले लोन की सीमा बढ़ाने के सुझावों को किया खारिज




# चार घंटे 41 मिनट रह जाएगी पटना से दिल्ली की दूरी : वैष्णव

**जागरण संवाददाता, छपरा**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि आने वाले वर्षों में बिहार में बुलेट ट्रेन का सपना भी साकार होगा और दिल्ली से पटना की दूरी केवल चार घंटे 41 मिनट की रह जाएगी। अगर नान स्टाप चली तो चार घंटे से कम समय में पटना पहुंच जाएगी। यह ट्रेन दिल्ली से लखनऊ, वाराणसी होते हुए पटना और सिलीगुड़ी तक जाएगी। उन्होंने यह बातें बिहार के छपरा में आयोजित एक समारोह में कही। रेल मंत्री ने छपरा-आनंद विहार एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ।

रेल मंत्री ने कहा कि अगले चार से पांच वर्षों के अंदर तीसरी व चौथी रेल लाइन का कार्य पूरा होने के बाद बिहार को दो सौ नई ट्रेनें मिलेंगी, जिसके संचालन से यात्रियों को और अधिक सुविधा मिलेगी। छपरा के मढ़ौरा लोकोमोटिव डीजल इंजन कारखाना में निर्मित 51वें रेल इंजन को अफ्रीकी देश गिनी के लिए रवाना किया। गिनी से तीन हजार करोड़ के निर्यात पर डील हुई है, जिसके तहत उसे 140 रेल इंजन निर्यात किए जाने हैं। पिछले वर्ष 20 जून को चार इंजन रवाना किए गए थे।



बिहार में छपरा जंक्शन पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद राजीव प्रताप रुडी। जागरण

### 2032 तक सेमी कंडक्टर के क्षेत्र में 10 लाख नए रोजगार के मौके

सेमी कंडक्टर और डिजिटल विकास के क्षेत्र में बिहार में असीम संभावनाएं हैं। विश्व में सेमी कंडक्टर उद्योग में कुशल कामगार की भारी कमी है। वर्ष 2032 तक इस क्षेत्र में 10 लाख नए रोजगार पैदा होंगे। इसके लिए बिहार के चिह्नित इंजीनियरिंग कालेजों में चिप डिजाइन व सेमी कंडक्टर निर्माण की बारीकियों से अवगत होने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से युक्त लैब बनाए जाएंगे। उक्त बातें रेल और इलेक्ट्रानिक्स व आइटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को पटना में पाटलिपुत्र स्थित साफ्टवेयर टेक्नोलाजी पार्क आफ इंडिया (एसटीपीआइ) में आइटी क्षेत्र में किए जा रहे नवाचार का निरीक्षण व उद्यमियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत से प्रस्ताव भी मांगा।

# पूर्वोत्तर में अगला विकास इंजन बनने की क्षमता

**भौरीमबोंग (मेघालय), प्रेट्र :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र अपने सतत (सस्टेनेबल) कृषि और प्रीमियम जैविक उत्पादों की ताकत का लाभ उठाकर भारत का अगला विकास इंजन बनने की क्षमता रखता है। सस्टेनेबल कृषि से हमें प्रकृति के साथ जीना है, सह-अस्तित्व बनाए रखना है। मेघालय का वैश्विक बाजारों में जो विश्वास है, उसके कारण यह नेतृत्व करने के लिए अनूठी स्थिति में है।

सीतारमण ने शुक्रवार को री-भोई जिले में पूर्वोत्तर भारत की सबसे बड़ी जैविक मसाला प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन किया और कहा कि कृषि का भविष्य उन लोगों के पास है जो 'केवल अधिक नहीं, बल्कि बेहतर, साफ, सुरक्षित, अधिक ट्रेस करने योग्य और अधिक टिकाऊ उत्पादों का उत्पादन करते हैं।

उन्होंने मेघालय सरकार, महिला समूहों और उद्यमियों को राज्य की जैविक कृषि को आगे बढ़ाने के लिए बधाई देते हुए कहा, जब मेघालय के किसान उठते हैं तो पूर्वोत्तर उठता है। और जब पूर्वोत्तर उठता है तो भारत के विकास को एक नया इंजन मिलता है। मेघालय इस भविष्य के लिए अनूठी स्थिति में है।

उन्होंने भारत के 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए कहा, भारत की 2047 के लिए महत्वाकांक्षा 'एक विकसित भारत' हर समुदाय, हर क्षेत्र और हर राज्य को राष्ट्रीय विकास की कहानी में उत्पादक रूप से एकीकृत करने की आवश्यकता है और पूर्वोत्तर इस में केंद्रीय है।

मेघालय के मुख्यमंत्री कानराड के संगमा के विचारों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि वह चाहती हैं कि पूर्वोत्तर केवल देश के बाकी हिस्सों के साथ तालमेल नहीं रखे, बल्कि इसके नेता के रूप में उभरे। उन्होंने कहा, मैंने मुख्यमंत्री को यह कहते सुना कि हम चाहते हैं कि सभी राज्य विकसित हों और पूर्वोत्तर को पीछे नहीं छोड़ा जाना चाहिए। मैं चाहती हूं कि देश कहे कि पूर्वोत्तर पूरे भारत का नेतृत्व करेगा।

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किया पूर्वोत्तर के सबसे बड़े जैविक मसाला प्रसंस्करण संयंत्र का उद्घाटन
- कहा-पूर्वोत्तर क्षेत्र में सतत कृषि से हमें प्रकृति के साथ जीना है, सह-अस्तित्व बनाए रखना है




केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शुक्रवार को री-भोई (मेघालय) में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। एएनआइ

**कल्पमेधा**

*हमें उस जीवन की परवाह नहीं करनी चाहिए, जिसकी हमने अपने लिए कल्पना की है, ताकि उसको स्वीकार कर सकें, जो हमारी प्रतीक्षा कर रहा है।*

*– जोसेफ कैम्पबेल*

# समझौते पर संकट

अमेरिका और ईरान के बीच हुए करार के बाद उम्मीद की जा रही थी कि पश्चिम एशिया में फिर से शांति और स्थिरता कायम हो जाएगी, मगर इजराइल का आक्रामक रुख इस पर पानी फेरता नजर आ रहा है। इजराइली सेना ने गुरुवार रात दक्षिणी लेबनान में कई स्थानों को लक्ष्य बनाकर हमले किए, जिसके बाद अमेरिका-ईरान के बीच प्रस्तावित वार्ता को भी फिलहाल टाल दिया गया। इससे प्रारंभिक शांति समझौते के क्रियान्वयन पर ही सवाल खड़े हो गए हैं। इस समझौते के तहत साठ दिनों के भीतर ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर स्थायी सहमति बनाने और होर्मुज जलमार्ग में तेल परिवहन व्यवस्था को सामान्य करने का लक्ष्य रखा गया है। मगर इजराइल के तल्ख तेवर वार्ता की राह में बाधक बन रहे हैं। सवाल है कि क्या अमेरिका ने ईरान के साथ करार से पहले इजराइल के नेतृत्व को विश्वास में नहीं लिया था? क्या यह समझौता इजराइल के लिए कोई मायने नहीं रखता? आखिर क्या वजह है कि ईरान को लेकर अमेरिका के नरम रुख के बावजूद इजराइल लेबनान के मोर्चे से पीछे हटने को तैयार नहीं है।

गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में फ्रांस में ईरान के साथ प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। जबकि ईरान के नेतृत्व ने अलग से दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे। दोनों देशों के बीच हुए इस करार के मुताबिक, ईरान को अपने उच्च संवर्धित यूरेनियम भंडार को अंतरराष्ट्रीय निगरानी में कम करना होगा और परमाणु हथियार विकसित न करने की प्रतिबद्धता दोहरानी होगी। हालांकि इससे जुड़े कई अन्य मुद्दों पर आगे बातचीत होनी बाकी है, जिसके लिए शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में वार्ता की शुरुआत की जानी थी और इसमें अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को शामिल होना था। मगर गुरुवार देर शाम वेंस ने अचानक यह यात्रा रद्द कर दी। हालांकि आधिकारिक रूप से इसकी कोई ठोस वजह नहीं बताई गई, लेकिन खबरों के मुताबिक, इजराइल की ओर से लेबनान पर हमले तेज करने के कारण फिलहाल वार्ता टाल दी गई है। सवाल है कि जब द्विपक्षीय समझौते में पश्चिम एशिया में सभी मोर्चों पर तत्काल सैन्य कार्रवाई रोकने की बात कही गई है, तो इजराइल लेबनान में हमले क्यों जारी रखे हुए है? इजराइल का स्पष्ट तौर पर कहना है कि उसके सैन्य बल तब तक लेबनान से नहीं हटेंगे, जब तक हिज्बुल्ला से उत्पन्न खतरे को समाप्त नहीं कर दिया जाता।

समझौते के क्रियान्वयन पर संशय का एक पहलू यह भी है कि ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को खोलने पर सहमति तो जता दी है, लेकिन इस मार्ग की निगरानी का प्रभार संभाल रहे प्राधिकरण ने समझौते के बाद नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिसमें सभी जहाज संचालकों से अपना पंजीकरण कराने को कहा गया है। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि होर्मुज जलमार्ग से जहाजों की आवाजाही के लिए ईरान शुल्क वसूलने की व्यवस्था लागू कर सकता है। अगर ऐसा होता है, तो तेल और गैस परिवहन की लागत बढ़ जाएगी, जिससे इसकी कीमतों में इजाफा होना स्वाभाविक है। यानी ऊर्जा के मौजूदा संकट की वजह से भारत समेत जिन देशों में महंगाई बढ़ी है, वहां आम लोगों को ज्यादा राहत मिलने की उम्मीद भी कम ही रहेगी। वहीं, अमेरिका समेत दुनिया के दूसरे देश ईरान की ओर से जहाजों पर शुल्क लगाने के सख्त खिलाफ हैं और ऐसे में शांति समझौते के तहत वार्ता शुरू करने तथा उसे अंजाम तक पहुंचाने की राह आसान नहीं होगी।

# जोखिम में बच्चे

सरकार के तमाम दावों के बावजूद देश में बाल तस्करी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इसका जाल देश के भीतर ही नहीं, बल्कि सीमा पार तक फैला हुआ है। विभिन्न राज्यों में सक्रिय गिरोह छोटे बच्चों से लेकर नवजात शिशुओं का अपहरण करते हैं और बाद में उनकी खरीद-फरोख्त की जाती है। हैरत इस बात की है कि इन आपराधिक गतिविधियों में ऐसे लोगों के नाम भी सामने आ रहे हैं, जो लोगों का जीवन बचाने के पेशे से जुड़े हुए हैं। दिल्ली में गुरुवार को बाल तस्करी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश होना बड़ी सांठगांठ की ओर इशारा करता है। पुलिस का दावा है कि इस गिरोह में एक चिकित्सक एवं अस्पताल का मालिक भी शामिल है, जो निःसंतान दंपतियों में से संभावित खरीदारों की पहचान करता था। अगर देश की राजधानी के किसी अस्पताल में ही इस तरह की आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है, तो दूसरे शहरों में कानून व्यवस्था की स्थिति क्या होगी, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

सवाल है कि मानव तस्करी के खिलाफ सख्त कानून के बावजूद इससे जुड़े गिरोह आसानी से बच्चों का अपहरण कर उनकी खरीद-फरोख्त कैसे करते हैं? इसमें दोराय नहीं कि यह पुलिस व्यवस्था और निगरानी तंत्र की लापरवाही और कर्तव्य में कोताही का ही नतीजा है। दिल्ली पुलिस ने बाल तस्करी में जिन तेरह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, वे काफी समय से विभिन्न राज्यों में सक्रिय थे। वे बच्चों का अपहरण कर उन्हें दिल्ली लाते थे और यहां एक निजी अस्पताल में उन्हें रखा जाता था। पुलिस के मुताबिक, यह गिरोह पिछले डेढ़ साल में तीस से अधिक बच्चों को बेच चुका है। सवाल यह भी कि पुलिस को इस गिरोह की भनक पहले क्यों नहीं लग पाई? क्या पुलिस का निगरानी एवं खुफिया तंत्र इतना कमजोर है कि उसे अस्पताल जैसे सार्वजनिक संस्थानों में चल रही आपराधिक गतिविधियों की भी जानकारी नहीं मिल पाती है? जाहिर है कि जब तक पुलिस प्रणाली को चुस्त-दुरुस्त और जवाबदेह नहीं बनाया जाएगा, तब तक किसी भी तरह के अपराध पर अंकुश नहीं लग पाएगा।

# नई राह दिखाती औषधीय खेती



**जलवायु परिवर्तन और पारंपरिक फसलों की बढ़ती लागत के बीच औषधीय पौधों की खेती उम्मीद की नई किरण बन कर उभरी है। मगर इसमें किसानों के लिए कई चुनौतियां भी हैं।**

**बलवंत राज मेहता**

भारत की धरती सदियों से ऐसी जड़ी-बूटियों की जननी रही है, जिन्होंने केवल रोगों का उपचार ही नहीं किया, बल्कि जीवन जीने की भारतीय दृष्टि को भी आकार दिया। कभी गांवों के आंगन में तुलसी का चौरा, खेतों की मेढ़ों पर नीम, जंगलों में गिलोय और घरों की रसोई में हल्दी केवल परंपरा नहीं थे, बल्कि लोक-स्वास्थ्य की मजबूत व्यवस्था थे। आज जब दुनिया रासायनिक दवाओं के दुष्प्रभावों से परेशान होकर फिर प्रकृति की ओर लौट रही है, तब भारत की औषधीय खेती एक नए युग की दस्तक बन कर सामने खड़ी है। देश का किसान अब केवल गेहूं, धान, कपास और गन्ने की फसल तक सीमित नहीं रहना चाहता। बदलती जलवायु, खेती की बढ़ती लागत, घटता लाभ और बाजार की अनिश्चितता ने किसानों को नए विकल्पों की तलाश के लिए प्रेरित किया है। इसी दौर में औषधीय पौधों की खेती आशा की नई किरण बन कर उभरी है।

अश्वगंधा, एलोवेरा, तुलसी, सर्पगंधा, आंवला, गिलोय, गुग्गल और शतावरी जैसी फसलें किसानों के लिए आय का नया आधार बन रही हैं। केंद्र सरकार भी इस संभावना को समझ रही है। राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड के माध्यम से किसानों को औषधीय पौधों की खेती पर 30 से 75 फीसद तक अनुदान दिया जा रहा है। उद्देश्य केवल खेती बढ़ाना नहीं, बल्कि भारत को वैश्विक हर्बल बाजार में मजबूत पहचान दिलाना है। सरकार नर्सरी विकास, प्रशिक्षण, प्रसंस्करण, भंडारण और विपणन जैसी व्यवस्थाओं को भी मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। दरअसल, यह समय केवल खेती बदलने का नहीं, बल्कि खेती की सोच बदलने का है। आज दुनिया स्वास्थ्य को केवल अस्पताल और दवाओं से नहीं जोड़ रही, बल्कि जीवनशैली, भोजन और प्राकृतिक उपचार से भी जोड़ कर देख रही है।

कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को यह एहसास कराया कि शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कितनी महत्त्वपूर्ण है। इसी दौरान भारतीय काढ़ा, हल्दी वाला दूध, गिलोय, तुलसी और अश्वगंधा जैसी औषधीय जड़ी-बूटियों की मांग अचानक बढ़ गई। यूरोप और अमेरिका जैसे देशों में आयुर्वेद और हर्बल उत्पादों के प्रति विश्वास बढ़ा है। भारतीय आयुष उद्योग का विस्तार अब लाखों करोड़ रुपए के बाजार की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। इस बदलती वैश्विक सोच का सबसे बड़ा लाभ भारत के किसानों को मिल सकता है। विशेष रूप से राजस्थान जैसे राज्यों में, जहां पानी की कमी और सूखा हमेशा चुनौती रहे हैं, वहां औषधीय खेती वरदान साबित हो सकती है। गुग्गल, अश्वगंधा और एलोवेरा जैसी फसलें कम पानी में भी अच्छी पैदावार देती हैं। कई औषधीय पौधे ऐसी भूमि में भी उगाए जा सकते हैं, जहां पारंपरिक खेती लाभकारी नहीं रह जाती। यही कारण है कि अब युवा किसान और शिक्षित ग्रामीण भी इस क्षेत्र में रुचि लेने लगे हैं।

औषधीय खेती का एक महत्त्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि इसमें मूल्य संवर्धन की अपार संभावनाएं हैं। यदि गांव स्तर पर ही सुखाने, छंटाई करने, तेल निकालने, पाउडर बनाने और पैकेजिंग करने जैसी इकाइयां विकसित हों, तो



किसान केवल कच्चा माल बेचने तक सीमित नहीं रहेगा। वह एक लघु उद्यमी की तरह अपनी आय बढ़ा सकेगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार भी बढ़ेगा और पलायन कम होगा। महिलाओं के स्वयं सहायता समूह भी हर्बल प्रसंस्करण और घरेलू उत्पाद निर्माण में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। आज कई

> **औषधीय पौधों की खेती का एक महत्त्वपूर्ण पक्ष यह है कि इसमें मूल्य संवर्धन की अपार संभावनाएं हैं। यदि गांव स्तर पर ही सुखाने, छंटाई करने, तेल निकालने, पाउडर बनाने और पैकेजिंग करने जैसी इकाइयां विकसित हों, तो किसान केवल कच्चा माल बेचने तक सीमित नहीं रहेगा। वह एक लघु उद्यमी की तरह अपनी आय बढ़ा सकेगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार बढ़ेगा और पलायन को रोकने में भी मदद मिल सकती है महिलाओं के स्वयं सहायता समूह भी हर्बल प्रसंस्करण और घरेलू उत्पाद निर्माण में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। आज कई राज्यों में औषधीय खेती की पहल हो रही है। कई औषधीय पौधे ऐसी भूमि में भी उगाए जा सकते हैं, जहां पारंपरिक खेती अब लाभकारी नहीं रह गई है।**

राज्यों में औषधीय खेती की पहल हो रही है। गंगा किनारे विकसित किया जा रहा हर्बल गलियारा इसका उदाहरण है। यदि किसी क्षेत्र में एक साथ बड़ी मात्रा में औषधीय पौधों की खेती होती है, तो वहां प्रसंस्करण इकाइयां और खरीदार आसानी से विकसित हो सकते हैं। इससे किसानों को बाजार की स्थिरता मिलेगी और निर्यात की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। मगर तस्वीर का दूसरा पक्ष भी उतना ही अहम है। औषधीय खेती जितनी आकर्षक दिखाई देती है, उसकी चुनौतियां भी कम नहीं हैं। सबसे बड़ी समस्या बाजार की अनिश्चितता है।

कई किसान उत्साह में औषधीय पौधे लगा लेते हैं, लेकिन बाद में उन्हें उचित खरीदार नहीं मिलते। कई बार कंपनियां शुरुआत में ऊंचे दाम का वादा करती हैं, लेकिन फसल तैयार होने पर कीमतें गिर जाती हैं। बिचौलियों का हस्तक्षेप भी किसानों के लाभ को कम कर देता है। औषधीय पौधों की खेती में गुणवत्ता सबसे महत्त्वपूर्ण होती है। केवल पौधा उगाना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसमें आवश्यक औषधीय तत्त्वों की मात्रा भी मानकों के अनुरूप होनी चाहिए। इसके लिए वैज्ञानिक खेती, उचित बीज, परीक्षण और प्रमाणन की जरूरत होती है। सामान्य किसान के लिए यह प्रक्रिया अभी भी जटिल और खर्चीली है। यदि प्रशिक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन मजबूत नहीं हुआ, तो किसान अपेक्षित लाभ नहीं उठा पाएंगे। एक बड़ी चिंता जैव विविधता की भी है। बढ़ती व्यावसायिक मांग के कारण कई दुर्लभ जड़ी-बूटियों का अत्यधिक दोहन हो रहा है। जंगलों से अवैज्ञानिक तरीके से संग्रहण पर्यावरण के लिए खतरा बन सकता है। इसलिए औषधीय खेती को केवल व्यापारिक अवसर के रूप में नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण और पारंपरिक ज्ञान के संवर्धन से जोड़ कर देखना होगा। जैविक खेती, जल संरक्षण और स्थानीय समुदायों की भागीदारी यहां अत्यंत आवश्यक है।

भारतीय ग्रामीण समाज में औषधीय ज्ञान केवल पुस्तकों में नहीं, बल्कि लोक जीवन में बसा हुआ है। गांवों में दादी-नानी पीढ़ियों से घरेलू उपचारों का ज्ञान संजोती आई हैं। आदिवासी समुदायों के पास अनेक दुर्लभ वनस्पतियों की जानकारी है। दुर्भाग्य से आधुनिक विकास की दौड़ में यह ज्ञान धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है। यदि औषधीय खेती को इस लोक-ज्ञान से जोड़ा जाए, तो यह केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण का माध्यम भी बन सकती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि औषधीय खेती को केवल सरकारी योजना या अनुदान तक सीमित न रखा जाए। कृषि विश्वविद्यालयों, आयुष संस्थानों, वैज्ञानिकों और किसान संगठनों को मिलकर ऐसा माडल विकसित करना होगा, जिसमें किसान उत्पादन से लेकर विपणन तक आत्मनिर्भर बन सके। गांव स्तर पर औषधीय मंडियां, परीक्षण प्रयोगशालाएं और प्रसंस्करण इकाइयां विकसित करनी होंगी।

किसानों को फसल चयन से लेकर बाजार की मांग तक की स्पष्ट जानकारी मिलनी चाहिए। डिजिटल तकनीक भी इस क्षेत्र में नई संभावनाएं खोल सकती है। यदि किसानों को मोबाइल पर बाजार भाव, खरीदारों की जानकारी और खेती संबंधी सलाह मिले, तो वे बेहतर निर्णय ले सकेंगे। निर्यात के लिए गुणवत्ता मानकों और प्रमाणन की सरल व्यवस्था भी जरूरी होगी। दुनिया जब रसायनों से थक कर फिर मिट्टी, वनस्पतियों और प्राकृतिक उपचारों की ओर लौट रही है, तब भारत के पास अपनी परंपरा और ज्ञान के बल पर वैश्विक नेतृत्व का अवसर है। यदि नीति, विज्ञान और किसान की मेहनत का सही संगम हो जाए, तो भारत के गांव केवल अन्न भंडार नहीं रहेंगे, बल्कि वे दुनिया के स्वास्थ्य प्रहरी बन सकते हैं। खेतों की हरियाली तब केवल आर्थिक समृद्धि का प्रतीक नहीं होगी, बल्कि मानवता के स्वस्थ भविष्य की आशा भी बनेगी।

## दुनिया मेरे आगे

# जीवन का सलीका

**महिमा सामंत**

आज के समय में जीवन की गति इतनी तेज हो गई है कि लोग लगभग हर बात को लाभ और हानि के तराजू में तौलने लगे हैं। कोई काम करने से पहले मन में पहला प्रश्न उठता है– 'इससे मुझे क्या फायदा होगा?' यदि लाभ दिखाई देता है, तो हम तुरंत आगे बढ़ते हैं और यदि लाभ स्पष्ट न हो तो कई बार हम उस काम से दूरी बना लेते हैं। धीरे-धीरे यह सोच हमारे जीवन का हिस्सा बनती जा रही है। मगर क्या सच में जीवन की हर बात को लाभ-हानि से मापा जा सकता है? क्या रिश्ते, भावनाएं और मानवीय संवेदनाएं भी किसी व्यापारिक हिसाब-किताब का हिस्सा हो सकती हैं? यदि हम थोड़ा गहराई से सोचें, तो समझ में आता है कि जीवन का सबसे सुंदर हिस्सा वही है, जहां कोई गणना या माप-तौल नहीं होता है।

सबसे बड़ा उदाहरण माता-पिता का प्रेम है। वे अपने बच्चों के लिए अनगिनत त्याग करते हैं, उनकी पढ़ाई, स्वास्थ्य और भविष्य के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। माता-पिता ने अपने बच्चे के लिए कितनी नींद खोई, कितनी बार अपनी इच्छाएं दबाई या कितनी मेहनत की, इसका कोई हिसाब वे नहीं रखते। वे कभी यह नहीं सोचते कि बच्चे को पालने-पोसने में कितना निवेश हुआ और उससे उन्हें क्या लाभ मिलेगा। उनके लिए बच्चे की खुशी ही सबसे बड़ी कमाई होती है। वास्तव में माता-पिता हमें यह सिखाते हैं कि सच्चा प्रेम वह है, जिसमें स्वार्थ और लाभ-हानि का कोई स्थान नहीं होता। मगर जब हम अपनी उम्मीदों के आधार पर किसी से जुड़े होते हैं और सामने वाला व्यक्ति उस पर खरा नहीं उतरता, तो गहरी ठेस पहुंचती है।

इसी तरह शिक्षक और छात्र का संबंध भी केवल औपचारिक नहीं होता। एक सच्चा शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करके अपना कर्तव्य समाप्त नहीं मानता। वह कमजोर विद्यार्थी को अलग से समझाता है, उसे प्रेरित करता है और उसके भीतर आत्मविश्वास जगाने की कोशिश करता है। कई बार शिक्षक कक्षा के बाद भी समय देकर छात्रों की शंकाएं दूर करते हैं, उनके जीवन से जुड़े प्रश्नों पर मार्गदर्शन देते हैं। उन्हें इसके बदले कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिलता, फिर भी वे ऐसा करते हैं, क्योंकि उनके लिए छात्र की प्रगति और सफलता ही सबसे बड़ा संतोष होती है। दोस्ती भी ऐसी ही भावना है, जिसे किसी गणित से नहीं मापा जा सकता।

सच्चा मित्र कठिन समय में साथ खड़ा रहता है। वह यह नहीं सोचता कि इससे उसे क्या मिलेगा। मान लीजिए, आपका कोई मित्र अचानक रात में मदद के लिए कहे– उसे अस्पताल जाना हो या किसी समस्या में सहारा चाहिए। उस समय यदि हम लाभ-हानि सोचने लगें, तो मित्रता का मूल्य ही समाप्त हो जाएगा। सच्ची दोस्ती वही होती है, जिसमें निस्वार्थ भाव से एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ निभाए जाएं। दैनिक जीवन में भी हम कई ऐसे छोटे-छोटे काम करते हैं, जिनका कोई आर्थिक लाभ नहीं होता, फिर भी वे हमारे मन को सच्ची खुशी देते हैं। जैसे बस में किसी बुजुर्ग या महिला को अपनी सीट दे देना, किसी अनजान व्यक्ति को रास्ता समझा देना, किसी परेशान मित्र की बात धैर्य से सुन लेना या सड़क पर पड़े किसी घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने में मदद करना। इन कार्यों से हमें कोई मुनाफा नहीं मिलता, लेकिन संतोष और खुशी जरूर मिलती है।

पंचतंत्र की कहानियों में भी इस बात को सुंदर ढंग से समझाया गया है। एक प्रसिद्ध कथा में कबूतरों का एक समूह शिकारी के जाल में फंस जाता है। वे मिलकर जाल सहित उड़ जाते हैं और अपने मित्र चूहे के पास पहुंचते हैं। चूहा बिना किसी स्वार्थ के जाल को काटकर उन्हें मुक्त कर देता है। उसने यह नहीं सोचा कि इससे उसे क्या फायदा होगा। वहां केवल सच्ची मित्रता और सहयोग था। यह कहानी हमें सिखाती है कि संबंधों की ताकत लाभ-हानि से नहीं, बल्कि विश्वास और सहयोग से बनती है।

आज के प्रतिस्पर्धी दौर में कई बार लोग रिश्तों में भी लाभ ढूंढ़ने लगते हैं। वे सोचते हैं कि यह संबंध उनके काम आएगा या नहीं। मगर सच्चाई यह है कि जो संबंध केवल स्वार्थ पर टिके होते हैं, वे अधिक समय तक नहीं टिक पाते। सच्चे संबंध वही होते हैं, जिनमें अपनापन, विश्वास, सम्मान और सच्चाई हो। वास्तव में जीवन की सबसे मूल्यवान चीजें वही हैं, जिनका कोई हिसाब-किताब नहीं होता– माता-पिता का स्नेह, दोस्तों का साथ, शिक्षक का मार्गदर्शन और किसी अनजान व्यक्ति की छोटी-सी मदद। इन्हें किसी तराजू में नहीं तौला जा सकता। जब हम भावनात्मक जुड़ाव के बजाय इस बात पर ध्यान देने लगते हैं कि हमें क्या मिल रहा है, तो रिश्ते का मूल अर्थ ही समाप्त होने लगता है।

> **कई बार लोग रिश्तों में भी लाभ ढूंढ़ने लगते हैं। वे सोचते हैं कि यह संबंध उनके काम आएगा या नहीं। मगर सच्चाई यह है कि जो संबंध केवल स्वार्थ पर टिके होते हैं, वे अधिक समय तक नहीं चल पाते। सच्चे संबंध वही होते हैं, जिनमें अपनापन, विश्वास, सम्मान और सच्चाई हो।**

जीवन कोई व्यापार की किताब नहीं है, जहां हर पंक्ति में लाभ और हानि का हिसाब लिखा जाए। यदि हम हर संबंध और हर कार्य को केवल स्वार्थ और लाभ की दृष्टि से देखने लगेंगे, तो जीवन से संवेदनाएं धीरे-धीरे समाप्त हो जाएंगी। सच्चा सुख उस समय मिलता है, जब हम बिना किसी अपेक्षा के कुछ अच्छा करते हैं– जब हम किसी की मदद करते हैं, किसी को मुस्कान देते हैं या किसी के जीवन को थोड़ा बेहतर बनाने की कोशिश करते हैं। क्योंकि जीवन की असली संपत्ति वह नहीं, जो हमारे खाते में जमा होती है, बल्कि वह है जो हमारे व्यवहार और रिश्तों में दिखाई देती है। सच यही है कि दुनिया की सबसे कीमती चीजें वही होती हैं, जिन्हें लाभ-हानि के तराजू में नहीं तौला जा सकता।




## परिवार की धुरी

पारंपरिक समाज में गृहिणी हमेशा परिवार की धुरी रही है। वह घर की व्यवस्था संभालती है, बच्चों का पालन-पोषण करती है। बुजुर्गों की देखभाल करती है और परिवार को भावनात्मक स्थिरता प्रदान करती है। इसके बावजूद उसके श्रम का कभी मोल नहीं समझा गया। घर के भीतर किए जाने वाले अनगिनत कार्यों को कर्तव्य और जिम्मेदारी का नाम देकर उनके वास्तविक मूल्य को नजरअंदाज किया जाता रहा है। ऐसे समय में सुप्रीम कोर्ट का हालिया फैसला न केवल न्यायिक दृष्टि से अहम है, बल्कि सामाजिक चेतना को नई दिशा देने वाला भी है। सड़क हादसों में जान गंवाने वाली गृहिणियों के मुआवजे को लेकर सर्वोच्च अदालत ने जो मानक निर्धारित किया है, वह महिलाओं के सम्मान और न्याय व्यवस्था की संवेदनशीलता दोनों का प्रतीक है। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट कहा है कि गृहिणियों के काम का मूल्य कम से कम तीस हजार रुपए प्रतिमाह माना जाना चाहिए और इसी आधार पर मुआवजे की गणना की जानी चाहिए। गृहिणियां केवल परिवार का हिस्सा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की महत्त्वपूर्ण शक्ति हैं।

*– कांतिलाल मांडोत, लखनऊ*

## राजनीति की दिशा

'चुनौतियों के बीच' (संपादकीय, नौ जून) पढ़ा। यह राजनीतिक दलों के समक्ष उपस्थित एक बड़ी चुनौती की ओर ध्यान आकर्षित करने का सार्थक प्रयास है। वास्तव में लोकतांत्रिक व्यवस्था में विभिन्न राज्यों के राजनीतिक अनुभव और चुनावी परिणाम राष्ट्रीय राजनीति की दिशा और दशा दोनों को प्रभावित करते हैं। तमिलनाडु प्रकरण, केरल और दिल्ली जैसे राज्यों की राजनीतिक परिस्थितियां तथा तृणमूल की हार-जीत के बीच वैचारिक एवं संगठनात्मक द्वंद्व यह स्पष्ट करते हैं कि केवल चुनावी सफलता को ही अंतिम निष्कर्ष मान लेना उचित नहीं होगा। राजनीति का वास्तविक उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्ति नहीं, बल्कि जनहित में ठोस और स्थायी नीतियों का निर्माण होना चाहिए। चुनावी परिणामों को केंद्र में रखकर की जाने वाली सियासत न तो किसी समस्या का स्थायी समाधान दे सकती है और न ही देश के विकास को सही मायने में गति दे सकती है।

*– अशोक, पटना, बिहार*

## सम्मान का संदेश

जी-7 देशों के समूह का औपचारिक सदस्य न होने के बावजूद भारत को लगातार इस शिखर सम्मेलन में एक विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाना यह दर्शाता है कि वैश्विक मंच पर भारत की भू-राजनीतिक अहमियत कितनी है। वैश्विक समस्याओं, विशेषकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता और चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने के लिए अमेरिका तथा जी-7 देशों को भारत की जरूरत है। शिखर सम्मेलन में भारत केवल अपने हितों की बात नहीं करता, बल्कि वह दुनिया के विकासशील और वैश्विक दक्षिण की आवाज बन कर उभरता है। जहां अमेरिका अपनी नीतियों को अन्य देशों पर थोपने का प्रयास करता है, वहीं भारत इस बात पर जोर देता है कि विकासशील देशों की आकांक्षाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। भारत, अमेरिका को यह संदेश देने में सफल रहा है कि वैश्विक सुधारों में विकासशील देशों की अनदेखी नहीं की जा सकती।

*– युगल किशोर राही, छपरा*

## दबाव की प्रतिस्पर्धा

प्रतिस्पर्धा के इस दौर में माता-पिता अपने बच्चों पर उच्च शिक्षा में सफलता के लिए अनुचित दबाव डालते हैं। कई अभिभावक बच्चे की इच्छा और रुचि के विपरीत उसे डाक्टर या इंजीनियर बनाना चाहते हैं। फिर उन्हें कोचिंग संस्थानों में धकेल देते हैं। इससे बच्चे के मन पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। जो किशोर और युवा भावुक व संवेदनशील होते हैं, वे उस चुनौती को स्वीकार नहीं कर पाते और कई बार आत्मघाती कदम उठा लेते हैं। मगर अभिभावक फिर भी इस अंधी दौड़ और झूठी प्रतिस्पर्धा में अपने बच्चों का जीवन दांव पर लगाने से नहीं चूक रहे। माता-पिता को चाहिए कि वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए बच्चों को आधार न बनाएं, बल्कि उनकी रुचि और बुद्धि के स्तर के अनुरूप ही उन्हें मनचाहा विषय चुनने दें।

*– नरेंद्र टोंक, मेरठ*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com



2026-2027 के केंद्रीय बजट में शिक्षा मंत्रालय के लिए कुल 1,39,298 करोड़ रुपए आबंटित किए गए। इसके तहत स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग को 83,562 करोड़ का बजट मिला था। वहीं उच्च शिक्षा विभाग को 55,727 करोड़ रुपए आबंटित किए गए थे। विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित को मजबूत करने, विशेषकर छात्राओं के लिए छात्रावास बनाने का लक्ष्य रखा गया। शिक्षा बजट में नई शिक्षा नीति के अनुरूप बुनियादी ढांचे पर जोर देने का दावा किया गया।



## बेबाक बोल

शहर के अंधेरे को इक चराग काफी है
सौ चराग जलते हैं इक चराग जलने से

एहतिशाम अख्तर का ये शेर उन लोगों के लिए है जो प्रतिरोध की पहली आवाज उठाते हैं। बहुत पुराना एक जुमला है कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। राजनीति के चूल्हे की बात करें तो प्रतिरोध पीतल की वह हांडी है जो पीढ़ियों तक चढ़ सकती है। 2014 में यह बात तत्कालीन विपक्ष ने समझी थी कि युवाओं का प्रतिरोध ही कांग्रेस को सत्ता से हटा सकता है, और ऐसा हुआ भी। शायद इसलिए अभी की सत्ता युवाओं के मसले को कभी जेन जी तो कभी काकरोच जैसे मुद्दे तक सीमित कर राजनीति की सीमा से बाहर धकेलने की कोशिश करती है। सत्ता को पता है कि जब परिवर्तन होगा, तब यहीं से होगा। प्रतिरोध काम करता है...इस बीज वाक्य को लेकर राहुल गांधी युवाओं के मुद्दे पर आंदोलन करने के लिए निकल पड़े हैं। क्या गांधी प्रतिरोध की राह पर डटे रहेंगे? राजनीति में युवा शक्ति जैसी पीतल की हांडी बनाम विपक्ष पर बेबाक बोल।

# दूसरी दुनिया का राग

**मुकेश भारद्वाज**

*‘प्रतिरोध काम करता है...मैंने अपनी आंखों से देखा है...प्रतिरोध सीबीएसई है, प्रतिरोध नीट है...सोशल मीडिया पर मौजूदगी बनाने में वर्षों लगते हैं...मेरे एक करोड़ यूट्यूब फालोवर्स हैं, लेकिन मेरा अकाउंट दबाया गया है। अगर आप यह सोच रहे हैं कि सोशल मीडिया निष्पक्ष है और विपक्ष को सपोर्ट मिल रहा है, तो आप दूसरी दुनिया में जी रहे हैं।’*

उद्धृत वाक्य राहुल गांधी के भाषण के अंश हैं जो उन्होंने इंडिया ब्लाक की बैठक में दिया था। 2026 में उनके दिए इस भाषण पर बात करने से पहले हम 2014 में चलते हैं। तब जनसंचार के साधनों पर युवाओं को जेन जी कहने का चलन नहीं था। फिलहाल जेन जी शब्द के साथ बुरा यह है कि राजनीतिक संदर्भ में जेन जी कहते ही सत्ता पक्ष बांग्लादेश और नेपाल ले आता है। विपक्ष पर आरोप लगते हैं कि वह जेन जी को भड़का रहा है। जेन जी यानी युवा पीढ़ी तो प्रागैतिहासिक काल में भी रही होगी। तब किसी युवा ने दो चकमक पत्थरों को रगड़ कर आग पैदा की होगी तो उस वक्त के बजुर्गों ने ताना दिया होगा कि हमारी नई पीढ़ी से कच्चा भोजन नहीं खाया जाता है। शिकार को आग पर पका कर खाने वाली पीढ़ी को शायद उस वक्त के बुजुर्गों ने कोसा होगा। आग के बाद पहिए के आविष्कार ने भी डराया होगा। तो इन आदिम उदाहरणों से समझिए कि विपक्ष के लिए जेन जी समझने की चीज है तो सत्ता पक्ष के लिए डरने की।

हम बात 2014 के पहले की कर रहे थे। यूपीए का भ्रष्टाचार इंटरनेट का मुख्य मुद्दा बन चुका था। विपक्ष ने देश के युवाओं के सामने भ्रष्टाचार के मुद्दे को उठाया। तत्कालीन सत्ता के खिलाफ युवा एकजुट होने लगे। तत्कालीन प्रधानमंत्री को ‘मौनमोहन’ नाम दे दिया गया। दिल्ली का रामलीला मैदान युवाओं के जुटान का केंद्र बन गया। अण्णा हजारे की अगुआई में शुरू हुआ आंदोलन आम आदमी पार्टी की शक्ल अख्तियार कर गया। कई युवा अपने अच्छे-खासे करियर को छोड़ कर आम आदमी पार्टी का हिस्सा बने।

2014 में देश का राजनीतिक इतिहास बदला तो उसके मूल में क्या था? उसके मूल में यही युवा थे, जिन्हें आज काकरोच का नाम दे दिया गया। आज सत्ता पक्ष काकरोच नाम की व्यंग्यात्मक पार्टी को क्यों खारिज करना चाह रहा है? या सत्ता पक्ष इन काकरोचों को इतनी जगह क्यों दे रहा है कि ये अपनी बात कह कर अपना राजनीतिक विरेचन कर लें। क्योंकि सत्ता पक्ष जानता है कि ये काकरोच देश का राजनीतिक इतिहास बदल सकते हैं। ये काकरोच देश की सबसे पुरानी व ऐतिहासिक पार्टी को इतिहास बनने की कगार पर ला कर खड़ा कर सकते हैं।



बीते दिनों हुए बंगाल चुनाव ने देश की राजनीति का असली चेहरा सामने ला कर रख दिया है। जिन्होंने विपक्ष के खाते में रह कर वोट पाए थे, अब उन्हें विपक्ष में रहने में डर लगता है। राघव चड्ढा जैसे 2014 वाले जेन-जी को छोड़ दीजिए तो अब राजनीति के ‘मिलेनियल्स’, ‘बूमर’ कोई भी जमीनी संघर्ष नहीं करना चाहते हैं। लोकसभा चुनाव के समय में क्या बंगाल की जनता को यह अहसास था कि उनका वोट किसी अनाम सी एनसीपीआइ नामक दल को चला जाएगा? महाराष्ट्र में बचा-खुचा विपक्ष भी पक्ष बनने को तैयार बैठा है। ऐसे समय में राहुल गांधी के भाषण के मायने क्या हैं?

राहुल गांधी के भाषण का बीज शब्द है-प्रतिरोध। प्रतिरोध काम करता है। राहुल गांधी जेन जी यानी युवाओं का राजनीतिक महत्त्व समझ रहे हैं। वे युवाओं के सामने पैदा हालात को भी समझ रहे हैं। बेरोजगारी तो ऐसा मुद्दा है जिसके साथ जनता ने शायद समझौता कर लिया है। फिर भी देश के युवा अपनी उम्मीद के मुताबिक रोजगार हासिल करने में जुटे रहते हैं। बेरोजगारी से मुक्ति के लिए उनके पास एक ही उम्मीद बची थी-प्रतियोगी परीक्षाएं। लेकिन जब प्रतियोगी परीक्षाओं के ही अस्तित्व पर सवाल उठ जाए तो युवाओं के सब्र का बांध टूटना लाजिम है। नीट, सीबीएसई, सीयूईटी जैसी परीक्षाएं तो बानगी भर हैं। पिछले एक दशक से ज्यादा समय में कई परीक्षाओं में पर्चा लीक हुआ, कई परीक्षाएं रद्द हुईं। कई परीक्षाएं लेने के बाद या तो उनके नतीजे काफी दिनों तक रुके रहे या नतीजे आने के बाद भी विवादों में चले गए।

किसी भी देश के प्रशासनिक ढांचे की बुनियाद इस पर टिकी है कि वहां की परीक्षा व्यवस्था कैसी है। यह तो दिख चुका है कि पूरी परीक्षा व्यवस्था खामियों और भ्रष्टाचार का शिकार है। राहुल गांधी खुद कोटा में दावा कर चुके हैं कि नीट जैसी परीक्षाओं की तैयारियों में देश के अभिभावकों की जेब से उतने पैसे निकल रहे हैं, जितना इस देश के शिक्षा विभाग का कुल बजट होता है।

राहुल गांधी को यह बात समझ आ जानी चाहिए कि अगर देश की शिक्षा-परीक्षा व रोजगार का ढांचा ठीक नहीं होगा तो किसी भी तरह का ‘कोटा’ युवाओं को राहत नहीं दे सकता है। शिक्षा और रोजगार का मुद्दा पूरे देश का मुद्दा है। अभी तो नीट के मुद्दे पर आपने अंगड़ाई ली है, लेकिन याद रखें, आगे जाति और धर्म की लड़ाई भी है। नीट की परीक्षा होगी, नतीजे आएंगे और शायद यह मुद्दा आगे भुला दिए जाने की कोशिश होगी। आपसे अनुरोध है कि आप अपने बीज शब्द-प्रतिरोध से पीछे नहीं हटेंगे। प्रतिरोध किसी रंगारंग समारोह का मोहताज भी नहीं होना चाहिए, जिसके आयोजन में शिक्षा विभाग के बजट जितने पैसे की दरकार हो।

राहुल गांधी अपने बीज शब्द प्रतिरोध के साथ यह भी याद रखें कि जेन जी सिर्फ नीट, सीबीएसई नहीं है। जितना बड़ा और विविध यह देश है, उतनी ही बड़ी यहां की जेन जी है। जेन जी उन किसानों की संतानें भी हैं जो खेती में कोई फायदा नहीं देख कर शहरों में मजदूरी करने के लिए मजबूर हैं। जेन जी राघव चड्ढा के मुद्दे वाले ‘डिलीवरी पर्सन’ भी हैं। कुछ जेन जी तक तो स्कूल, सीबीएसई, नीट, सीयूईटी पहुंचे ही नहीं हैं। जेन जी उस अस्सी करोड़ जनसंख्या का बड़ा हिस्सा भी होंगे जो सरकार के मुफ्त राशन पर निर्भर हैं। इसलिए आपको अपने प्रतिरोध का दायरा बड़ा करना होगा। आपने ही कहा कि प्रतिरोध को काम करते हुए देखा है। आपको अपने इस देखे को राजनीतिक सत्य मान कर आगे बढ़ना होगा। 2014 के बाद आपने प्रतिरोध के कई मुद्दे उठाए हैं। पर कुछ दिनों के बाद पुराने प्रतिरोध को भूल जाते हैं। प्रतिरोध के साथ कबड्डी-कबड्डी नहीं खेलनी है कि एक बार इसे छूकर तो एक बार उसे छूकर भाग गए। प्रतिरोध के साथ सतत संघर्षरत रहना है।

जेन जी को इंटरनेट के साथ जोड़ा जाता है। आपको पूरे देश की जेन जी को यह समझाना है कि लीक वाले पेपर तो इंटरनेट से डाउनलोड हो जाते हैं लेकिन जीवन जीने के लिए जरूरी रोटी इंटरनेट से डाउनलोड नहीं होगी। उसके लिए आपको जमीन पर संघर्ष करना होगा। आज आपके साथ अभिभावक खड़े दिख रहे हैं, क्योंकि उनके बच्चे नीट से जुड़े हैं। आपको पूरे देश के अभिभावकों को यह सवाल पूछने के लिए तैयार करना है कि देश का शिक्षा-बजट इतना कम क्यों है? अंतिम बात, खुद के साथ विपक्ष को समझाते रहिए-डरो मत...प्रतिरोध काम करता है।

## राजपाट

### विजय की मुहिम

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अनूठी मुहिम शुरू की है। विजय तमिल फिल्मों के मशहूर अभिनेता हैं। उनकी नई बनी पार्टी टीवीके ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में करिश्मा कर दिखाया। पिछले चार दशक से द्रमुक और अन्ना द्रमुक के बीच सीमित रहने वाली तमिलनाडु की सियासत में विजय एक नई धुरी बनकर उभरे हैं।



उसी तरह, जैसे 1980 के दशक में आंध्र प्रदेश में एनटी रामाराव का उभार हुआ था। विजय ने चुनाव पूर्व जो वादे किए थे उनमें भ्रष्टाचार पर अंकुश मुख्य है। लिहाजा इस दिशा में उनकी सरकार ने न केवल भ्रष्ट सरकारी कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने की नीति घोषित की है बल्कि भ्रष्टाचार को उजागर करने वालों को इनाम देने का भी एलान किया है। रिश्वत मांगने वाले सरकारी कर्मचारी का वीडियो पेश करने वाले को एक लाख रुपए का इनाम देगी राज्य सरकार। फैसले का पुरजोर स्वागत हुआ है। और तो और वायको जैसे कद्दावर नेता ने भी उनकी मुक्त कंठ से सराहना की है। वायको की पार्टी एमडीएमके राज्य में द्रमुक की सहयोगी है। वायको की पार्टी का लोकसभा में एक और विधानसभा में दो सदस्य हैं। वायको मुख्यमंत्री विजय से मिलने गए थे। विजय की उनके मुख से सराहना पर द्रमुक की प्रतिक्रिया नहीं आई है। यह संकेत तो मिलता ही है कि विधानसभा में वायको के विधायक टीवीके सरकार के अच्छे फैसलों का समर्थन करें तो अचरज नहीं होना चाहिए।

### चूक पर चूक

राहुल गांधी का सियासी प्रबंधन कमजोर साबित हो रहा है। उसी के कारण कांग्रेस ने राज्यसभा की दो जीती हुई सीटें गंवा दीं। मध्य प्रदेश में मीनाक्षी नटराजन की चूक कहें या पार्टी के किसी नेता की मुखबिरी, आसानी से मिलती दिख रही सीट हाथ से निकल गई। मीनाक्षी के मामले में कानूनी नजरिए से सतर्कतता का अभाव नुकसानदेह साबित हुआ। मध्य प्रदेश के बाद झारखंड में भी पार्टी को राज्यसभा सीट पर हार का मुंह देखना पड़ा, क्योंकि गठबंधन के दलों में एकता नहीं थी। राजद और भाकपा (माले) के विधायकों ने क्रास वोट कर भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नथवानी का साथ दिया। कांग्रेस के प्रणव झा हार गए। हेमंत सोरेन ने भी झा को जिताने के लिए खास मेहनत नहीं की। बिहार में राज्यसभा चुनाव के समय कांग्रेस के विधायक गायब हो गए थे, जिससे राजद के उम्मीदवार एडी सिंह हार गए थे। कहा जा रहा है कि तेजस्वी ने उस हार का हिसाब झारखंड में चुकता कर लिया।

### जन्मदिन पर मिला तोहफा

राहुल गांधी के जन्मदिन के मौके पर कांग्रेस के पार्टी मुख्यालय में जबरदस्त भीड़ थी। इस भीड़ में भी राहुल गांधी ने पार्टी मुख्यालय पर हमेशा तैनात रहने वाले सुरक्षाकर्मी को एक खास तोहफा दे दिया। दरसअल, ये सुरक्षाकर्मी कांग्रेस मुख्यालय पर तैनात थे, जहां एक ओर नेताओं का हुजूम फूलों के गुलदस्ते और पटके के साथ आगे बढ़ रहा था, वहीं ये भी राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देना चाहते थे। सबको पीछे छोड़कर राहुल गांधी अपने मुख्यालय के एक सुरक्षाकर्मी की तरफ गए और उनसे हाथ मिलाकर बड़े प्रेम से जन्मदिन की शुभकामनाएं ली। इसके बाद सुरक्षाकर्मी भी खुश नजर आए, और बोले, साहब का जन्मदिन था लेकिन आज वे मुझे ही तोहफा दे गए।

### वक्त का फेर

महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे हों या बिहार में नीतीश कुमार और चिराग पासवान, आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू हों या उत्तर प्रदेश में जयंत चौधरी, सबको राजग में रहकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुणगान करना होगा। जून 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद सहयोगी दलों के इन नेताओं का भाजपा के लिए महत्त्व काफी बढ़ गया था। पर पार्टी ने दो साल के भीतर सियासी तस्वीर बदल दी है। ममता बनर्जी के 20 लोकसभा सदस्यों के टूटने के बाद भाजपा संसद में मजबूत हुई है। हाल के सियासी घटनाक्रम ने भाजपा के सहयोगी दलों की चिंता बढ़ा दी है। अब एकनाथ शिंदे की भी पहले जैसी अहमियत नहीं बची। महाराष्ट्र और बिहार के विधानसभा चुनाव नतीजों ने शिंदे और नीतीश को बेदम बना दिया। तभी भाजपा ने शिंदे से परामर्श किए बिना ही देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री बना दिया था। नीतीश को चुनावी वादे के मुताबिक बिहार का मुख्यमंत्री बनाया तो जरूर पर छह महीने के भीतर ही हटाकर वहां अपना मुख्यमंत्री बना लिया। राज्यसभा में भी अगले कुछ महीनों में भाजपा के बहुमत पा जाने के संकेत साफ दिख रहे हैं। यानी पार्टी 123 तक पहुंच जाएगी। गौरतलब है कि 1988 के बाद किसी भी पार्टी को राज्यसभा में अकेले बहुमत नहीं मिला, पर भाजपा यह मुकाम पा जाएगी। अहमियत भले घट जाए पर सहयोगी दलों को चिंतित होने की जरूरत नहीं है, जब तक भाजपा के साथ रहेंगे कम से कम टूट के खतरे से बचे रहेंगे। आंखें तरेरेंगे तो मुश्किल में फंसेंगे।

### बदला एजंडा



नितिन नवीन को भाजपा अध्यक्ष बने पांच महीने हो चुके हैं, पर उन्होंने अभी तक अपनी टीम नहीं बनाई। संगठन में बदलाव की चर्चा पर विराम लग गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल में बदलाव की भी कोई बात नहीं हो रही। नितिन नवीन अभी जेपी नड्डा की टीम से ही अपना काम चला रहे हैं। पार्टी के एक महासचिव तरुण चुघ को मध्य प्रदेश से राज्यसभा भेजा गया, तो उनके केंद्र में मंत्री बनाए जाने की चर्चा है। पंजाब में अगले साल विधानसभा चुनाव हैं। चुघ पंजाब के प्रभारी हैं। चर्चा तो दूसरे महासचिव विनोद तावड़े के भी केंद्र में मंत्री बनने की है। महासचिवों में से एक राधामोहन दास अग्रवाल को बदले जाने की भी चर्चा रही है। बीएल संतोष की जगह सुनील बंसल को महासचिव (संगठन) बनाए जाने पर भी विचार हुआ था। सरकार और संगठन में बदलाव की संभावित समय-सीमा 20 जून आंकी जा रही थी, पर अब फोकस संसद के मानसून सत्र में कुछ बड़ा किया जाने पर है। विपक्षी दलों के सांसदों को तोड़ने की कवायद से नई चर्चा को जोड़कर देखा जा रहा है। तृणमूल के बाद उद्धव की शिवसेना भी बिखर गई। अगला नंबर शरद पवार की राकांपा और सपा का माना जा रहा है। *संकलन : मृणाल वल्लरी*

## आपके पत्र

### तल्ख रिश्तों की दोस्ती

विधायिका एवं न्यायपालिका के बीच की तल्खी का वक्त के साथ दोस्ताना संबंधों में बदल जाने का सच हैरान और परेशान करता है। न्याय मिलने में देरी के पीछे यह भी एक बड़ा कारण है। याचिकाकर्ता के निर्दोष होने पर उसके नाउम्मीद हो जाने की स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। बंगाल चुनाव के दौरान वोट का अधिकार छिन जाने पर न्यायमूर्ति की संवेदना से हीन टिप्पणी का मतदाता के मन पर क्या असर हुआ, इसका अनुमान ये नहीं लगा सकते। ये जन क्या समझें पीर पराई। विपक्षी अपने-अपने अहं की मनोवैज्ञानिक समस्याओं के जाल से निकल पाएं तो कुछ आस बंधती है, वरना जिंदगी के कठोर यथार्थ से जूझती हुई हताश जनता भगवान के घर को इंसाफ का मंदिर मानकर मन को समझा लेती है।

**-शोभना विज, पटियाला, पंजाब।**

### इंसाफ का अंधेरा

अदालतों के चक्कर लगाती मुल्क की एक बड़ी आबादी इस बात की तस्दीक करती है कि उम्मीद अब भी बाकी है। मजहबी यकीन के लोग मानते हैं कि ऊपर वाले के घर देर है मगर अंधेर नहीं! यही यकीन हमारी अदालतों को ईश्वर, भगवान और खुदा का दर्जा देता है। मगर ये देरी इतनी लंबी न हो कि उम्मीदों के दीये बुझ जाएं और भरोसे की दीवार दरक जाए। डगमगाते इंसाफ के तराजू के बीच खड़ी अवाम यह तय नहीं कर पा रही है कि झुके पलड़े पर बोझ सियासत का है या कि इंसाफ का। हालिया बंगाल के सियासी जंग के दौरान अदालत के अजीब-ओ-गरीब ऐलान ने लाखों लोगों को नाइंसाफी की सुरंग में भटकता छोड़ दिया। मायूसी के बोझ तले दबी अवाम की टूटती सांसों की गूंज ‘देर ही अंधेर है’ अब शोर बन चुकी है।

**-एमके मिश्रा, रांची, झारखंड।**

### वोट और सत्ता

लोकतंत्र के चार स्तंभों, यथा विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और पत्रकारिता की वर्तमान स्थितियों पर गौर करें। विधायिका दशकों पहले ही कार्यपालिका को लील चुकी है। पिछले कुछ वर्षों में पत्रकारिता, प्रचारकारिता में तब्दील होकर, विधायिका में समाहित हो चुकी है। न्यायपालिका को भी विधायिका के तहत लाने के लिए राजग सरकार ने 26 मई 2014 को शपथ लेते ही कोशिश शुरू कर दी थी। अब हालात ये हैं कि लोकतंत्र के बाकी तीनों स्तंभ विधायिका में समाहित होते नजर आ रहे हैं। एक देश, एक चुनाव, एक कानून, एक परीक्षा आदि की तर्ज पर ‘एक देश, एक लोकतंत्र, एक स्तंभ’ को सच्चाई बनाया जा रहा है। सब कुछ गंवाकर जनता के पास सिर्फ एक वोट बचा है, और जनता किसी को भी वोट दे ले, लेकिन अब उस वोट की नियति सत्ता तय करेगी।

**-बृजेश माथुर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश।**

### न्याय का प्रश्न

न्याय की सबसे बड़ी शक्ति उसके निर्णय नहीं, बल्कि उसकी निष्पक्षता पर जनता का भरोसा है। यदि यह भरोसा कमजोर पड़ता है, तो संविधान की सबसे सुंदर धाराएं भी नागरिक के मन में सुरक्षा का भाव नहीं जगा पातीं। इतिहास बताता है कि लोकतंत्र तब कमजोर नहीं होता, जब सरकारें शक्तिशाली हो जाती हैं, बल्कि तब कमजोर होता है जब नागरिकों को यह लगने लगता है कि उनके प्रश्नों का कोई निष्पक्ष मंच शेष नहीं बचा है। आज मूल प्रश्न यह नहीं है कि न्यायपालिका स्वतंत्र है या नहीं। मूल प्रश्न यह है कि क्या आम नागरिक उसे स्वतंत्र अनुभव कर रहा है। लोकतंत्र अंततः धारणाओं पर भी चलता है। न्याय केवल किया जाना ही नहीं, न्याय होते हुए दिखाई देना भी उतना ही आवश्यक है। यदि एक नागरिक यह सोचने लगे कि सत्ता से असहमति की स्थिति में उसके लिए न्याय का अंतिम दरवाजा भी अनिश्चित हो गया है, तो यह किसी व्यक्ति की निराशा नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा में उठी एक गहरी बेचैनी है।

**-मो. अजहर आलम अंसारी, पूर्णिया (बिहार)।**

### दरियादिल दोस्ती

संविधान निर्मातओं की दूरदृष्टि और दूरगामी चिंतन के विपरीत न्यायिक नभमंडल के सितारों में गुम होती रोशनी आज निश्चय ही लोकतंत्र के लालित्य में रुदाली का दारुण दृश्य दृष्टिगत करा रही है। समझौतावादी दृष्टिकोण यदि नैसर्गिक न्यायिक संवेदनाओं को सूखे सरोवर में प्रवाहित कर रही है तो बुनियादी सवाल यही है कि न्याय मंदिर के तराजू में संतुलन कब और कैसे स्थापित होगा। विधिक धाराओं की व्याख्या में यदि सुविधाजनक विकल्पों से मंथन अमृत निकलेगा तो दुविधा, देर एवं अंधेर की त्रिवेणी में इंसाफ की गुहार नक्कारखाने में तूती की आवाज सुनाई पड़ना अग्रिम आकलन है। लक्ष्मण रेखा के नवाचार रूपी शिष्टाचार जब दोस्ती के द्वार पर दस्तक देंगे तो वह अपने दमखम की दिव्यता से वह सब हासिल कर सकेगी, जिसकी उसने व्यूहरचना नेपथ्य नभ में रची है।

**-अशोक कुमार, पटना, बिहार।**

### एक सुझाव

मैंने 13 जून का विशेष पन्ना पढ़ा। इसमें राजकाज के अंतर्गत न्यायपालिका और विधायिका के वर्तमान संबंधों पर की गई टिप्पणी और बेबाक बोल में एंकर बनाम शिक्षक के मुद्दे पर छपे पाठकों के पत्र बहुत ही प्रासंगिक और विचारणीय लगे। अखबार का यह पन्ना मौजूदा राजनीतिक और सामाजिक विमर्श को बहुत बेबाकी से सामने रखता है। मेरा एक छोटा सा सुझाव है। गंभीर राजनीतिक और व्यवस्थागत आलोचनाओं के साथ-साथ, यदि आप इसी विशेष पन्ने पर एक छोटा सा कालम ‘युवा विमर्श’ या ‘सकारात्मक पहल’ के नाम से जोड़ें, तो यह पन्ना और भी संतुलित हो जाएगा। इसमें शिक्षा, समाज या प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से जुड़े जमीनी मुद्दों और उनके नजरिए को जगह दी जा सकती है। जनसत्ता की निष्पक्ष और बेबाक पत्रकारिता ऐसे ही जारी रहे, यही कामना है।

**-हिमांशु सिंह, लखनऊ।**

*...पत्र लिख कर हमारी हौसलाअफजाई करने के लिए बेहद शुक्रिया। आपके सुझाए गए स्तंभ की सामग्रियां जनसत्ता के विभिन्न विशेष परिशिष्टों जैसे संवाद और युवा शक्ति में प्रकाशित होती हैं। आप पूरे अखबार से जुड़े रहिए और हमें अपनी प्रतिक्रिया व सुझाव भी भेजते रहिए।*
*-सं.*

### विशेष पन्ना कैसा लगा

**इस विशेष पन्ने पर आपके ढेरों पत्र हमें लगातार मिलते हैं। हर बार मुमकिन नहीं कि सारे पत्रों का हम इस्तेमाल कर पाएं। पर यह तो तय है कि आपके पत्रों से आपकी पसंद और विषयों के चुनाव में हमें मदद मिलती है। इस बार का यह विशेष पन्ना आपको कैसा लगा? आप अपनी राय भेज सकते हैं। हमारी ई-मेल आइडी है :**
vishesh.jansatta@expressindia.com

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

# अकेला पड़ता इजरायल

अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध रोकने पर बनी सहमति का जहां दुनिया के ज्यादातर देश स्वागत कर रहे हैं, वहीं इजरायल की चिंता छिप नहीं रही है। अफसोस, युद्ध के अंत पर सहमति के बावजूद इजरायल ने लेबनान को निशाना बनाया। इससे कई सवाल खड़े हो गए। क्या युद्ध की समाप्ति के लिए इजरायल वाकई मन से राजी हो सका है? क्या वह फिर लेबनान को निशाना नहीं बनाएगा? ध्यान देने की बात है कि अभी सिर्फ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर हुए हैं, शांति-समझौते को दो महीने में अंतिम रूप दिया जाना है। वैसे, खुद अमेरिका में ताजा सहमति पर आपत्ति जताई जा रही है। सहमति को अमेरिका के प्रतिकूल माना जा रहा है और इसकी चिंता अमेरिकी नेतृत्व से ज्यादा इजरायली नेतृत्व को है। सहमति पत्र पर दस्तखत के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई भी सक्रिय हो गए हैं और वह आगे अमेरिका से सीधी बातचीत के इच्छुक दिख रहे हैं।

दुनिया देख रही है, इस सहमति से ईरानी नेतृत्व प्रसन्न है। तेहरान नहीं चाहेगा कि अमेरिका ताजा सहमति से पीछे हटे। एक ओर, ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को बनाए रखने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा देगा, तो दूसरी ओर, वह चाहेगा कि उसे अपने पुनर्निर्माण के लिए वादे के मुताबिक, 300 अरब डॉलर जल्द से जल्द मिल जाएं। इन दोनों मुद्दों पर अमेरिका और ईरान के बीच बनी सहमति पर इजरायल में चिंता बहुत हद तक जायज है। ईरान के पुनर्निर्माण के मायने इजरायल के लिए बिल्कुल अलग हैं। ईरान परंपरागत रूप से हिजबुल्लाह जैसे हिंसक संगठनों का पैरोकार रहा है और हिजबुल्लाह से इजरायल की अदावत बहुत पुरानी है। सहमति अमेरिका-ईरान के बीच बनी है। इजरायल-ईरान या इजरायल-हिजबुल्लाह या इजरायल-हमास के बीच नहीं। आशंका है, ईरान के पुनर्निर्माण के साथ कहीं पश्चिम एशिया में इजरायल विरोधी आतंकी संगठनों का पुनर्निर्माण न होने लगे। ईरान के लिए अमेरिका दूर है और इजरायल पास। ईरान की मिसाइलें अमेरिकी जमीन तक नहीं पहुंचतीं, पर इजरायल तक पहुंचती हैं। हिजबुल्लाह और ईरान के हमले में कम से कम 60 इजरायलियों की मौत हुई है। गौरतलब है, हिजबुल्लाह ही नहीं, हमास जैसे आतंकी संगठन को भी ईरान से मदद मिलती रही है। साल 2023 में 7 अक्तूबर को हमास ने जब हमला किया था, तब हजार से अधिक इजरायली मारे गए थे और अनेक बंधक बनाए गए थे।

**ईरान का विश्वास जीतना बहुत जरूरी है, पर इजरायल को उसकी आशंकाओं के साथ अकेला छोड़ देना, अपना सिर रेत में छिपा लेने के समान है।**

बेशक, इजरायली आक्रामकता की निंदा होनी चाहिए, पर उसकी चिंता को पूरी तरह नजरंदाज करना नाइंसाफी होगी। हर समाज और देश की अपनी पीड़ा होती है, लेकिन हर बार हथियार उठा लेना हल नहीं है। यह बात इजरायल पर जितनी लागू होती है, उतनी ही उसके दुश्मनों पर भी। एक पहलू यह भी है कि पश्चिम एशिया में मजहबी बुनियाद पर एक बड़ा उम्मा खड़ा दिखता है और उसके रूबरू इजरायल अकेला नजर आता है। ताजा सहमति के बाद इजरायल फिर अकेला है और अमेरिकी उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस ने इजरायली 'घबराहट' पर तीखा हमला बोला है। ईरान का विश्वास जीतना जरूरी है, पर इजरायल को आशंकाओं के साथ अकेला छोड़ देना, अपना सिर रेत में छिपा लेने के समान है। समय आ गया है, दुनिया में आतंकवाद की समस्या से पूरी ईमानदारी से निपटा जाए। खुद पश्चिम एशियाई मुल्कों को यह तय करना होगा कि वे आपस में आखिर कब तक लड़ेंगे? इन मुल्कों को अमेरिका और यूरोपीय देशों की खुशहाली से कुछ तो सीखना चाहिए।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 20 जून, 1951

## नेपाल को प्रेम-सन्देश

नेहरूजी की नेपाल-यात्रा से भारत तथा नेपाल का पुरातन प्रेम-संबंध दृढ़तर होगा, इसमें शंका के लिए कोई अवकाश दिखलाई नहीं पड़ता। नेपाल के शासकों और जनता ने भारत के प्रधानमंत्री का जो प्रेम एवं आत्मीयतापूर्ण स्वागत किया है, उसमें विलगता का कोई भाव नहीं। उससे प्रभावित होकर नेहरूजी में कहा : 'प्रेम सर्वाधिक मूल्यवान वस्तु है। आप मेरे दोषों की उपेक्षा और मेरी प्रशंसा इसी कारण करते हैं कि आपका मुझ पर प्रेम है।' नेपाल के भारत-प्रेम अथवा भारत के नेपाल-प्रेम का आधार केवल भौतिक नहीं, उसमें युग-युग से सांस्कृतिक समन्वय का परिपाक होता रहा है। धार्मिक और आध्यात्मिक भावनाओं के रस से वह पुष्ट हुआ है। प्रकृति ने अपने वरदहस्त से उसे संवारा है। भारत की परतंत्रता तथा नेपाल की विवशता के कारण कुछ काल तक दोनों के बीच उदासीनता अवश्य रही, किन्तु समय आते ही दोनों अपने पुराने प्रेम को पुनरुज्जीवित करने के लिए उठ खड़े हुए हैं।

प्रेम में बंधन के बराबर ही स्वतंत्रता भी होती है। जो प्रेम स्वतंत्रता को सहन नहीं कर सकता, वह शंका, स्वार्थ एवं स्वामित्व के प्रकट अथवा अप्रकट भावों से कलुषित माना जाता है। भारत के प्रधानमंत्री ने नेपाल के शासकों और जनता को भारत के निःस्वार्थ प्रेम का आश्वासन दिया है। उन्होंने घोषित किया है : 'जो लोग सोचते हैं कि भारत इस प्राचीन देश की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप करना चाहता है, वे गलती पर हैं। नेपाल के शासन का दायित्व आप पर और आपके नेताओं पर है। यदि आप प्रौद्योगिकी अथवा अन्य क्षेत्रों में हमारी सहायता चाहेंगे, तो हम आपकी सहायता करने का भरसक प्रयत्न करेंगे। किन्तु हम आपके कामों में कदापि हस्तक्षेप नहीं करना चाहते।' नेहरूजी की इस घोषणा से सब शंकाओं का शमन हो जाना चाहिए।

किन्तु नेहरूजी ने 'मित्र के नाते' नेपाल को एक अत्यन्त उपयोगी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है: प्रगति के लिए सर्वप्रथम आवश्यकता शांति की है। हमें समय की मांग को पूर्ण न करने वाली कट्टरता और शक्ति का अपव्यय करने वाली तथा गृह-कलह उत्पन्न करनेवाली क्रांतिकारी कार्रवाइयों के बीच का मार्ग ग्रहण करना चाहिए।' भारतीय प्रधानमंत्री की यह चेतावनी नेपाल के लिए जितनी उपयुक्त है, उतनी ही भारत के लिए भी है।

**श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की दान पेटी से कथित घोटाले की खबर ने देश-दुनिया के करोड़ों सनातनी लोगों की भावनाओं को आहत किया है। हालांकि, उत्तर प्रदेश सरकार ने फौरन जांच का जिम्मा एसआईटी को सौंप दिया है। आशा है, शीघ्र ही दूध का दूध और पानी का पानी भी हो जाएगा, मगर इस प्रकरण ने इस मंदिर के वित्तीय प्रबंधन में पारदर्शिता के पहलू को गंभीरता से उजागर किया है। प्रस्तुत हैं, इस विषय पर दो विचार :**

आमने-सामने

# श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित दान भक्ति का प्रतीक


यहां स्कैन करें

स्वामी यतींद्रानंद गिरि | महामंडलेश्वर, जूना अखाड़ा

- एक घटना के आधार पर संपूर्ण मठ परंपरा पर प्रश्नचिह्न उचित नहीं।
- सनातन धर्म की परंपरा में मंदिरों का महत्व सदैव बहुआयामी रहा है।
- श्रीराम मंदिर की गरिमा की रक्षा के लिए योगी सरकार की प्रतिबद्धता असंदिग्ध।

भारतीय सभ्यता में मंदिर केवल पूजा-अर्चना के स्थल नहीं रहे हैं, वे राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय अस्मिता और सामूहिक स्वाभिमान के भी प्रतीक रहे हैं। भारत का इतिहास साक्षी है कि जब-जब देश की सांस्कृतिक पहचान पर संकट आया, तब-तब मंदिरों ने समाज को संगठित करने, सांस्कृतिक स्मृति को सुरक्षित रखने और राष्ट्रीय आत्मविश्वास को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सोमनाथ मंदिर इसका सर्वाधिक चर्चित उदाहरण है, जो भारतीय आत्मगौरव और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक बनकर उभरा। अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर करोड़ों भारतीयों की आस्था के साथ-साथ उनकी सांस्कृतिक स्मृति, राष्ट्रीय भाव-बोध और सांस्कृतिक एकात्मता का भी प्रतिनिधित्व करता है।

सनातन धर्म की परंपरा में मंदिरों का महत्व सदैव बहुआयामी रहा है। देश के अनेक मंदिर और धार्मिक संस्थान शिक्षा, स्वास्थ्य, गौ-संरक्षण, आपदा राहत, गरीबों के भोजन, छात्रवृत्ति और समाजोत्थान कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इस दृष्टि से मंदिर भारतीय समाज के धार्मिक ही नहीं, सांस्कृतिक और सामाजिक उत्थान के भी महत्वपूर्ण स्तंभ रहे हैं।

हाल में अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से जुड़े दान व वित्तीय प्रबंधन की अनियमितताओं के आरोपों व चर्चाओं ने लोगों को क्षुब्ध और आहत किया है। ऐसे समाचारों से श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचती है तथा उन जनाकांक्षाओं पर भी आघात होता है। यदि किसी धार्मिक संस्था में दानराशि के दुरुपयोग अथवा वित्तीय अनियमितता की आशंका उत्पन्न होती है, तो यह दुखद और निंदनीय है। श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित दान विश्वास और भक्ति का प्रतीक होता है, अतः उसके उपयोग में पूर्ण पारदर्शिता अपेक्षित है। अच्छी बात है कि यह विषय समय रहते सार्वजनिक संज्ञान में आया है और इसकी जांच की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। इससे यह अपेक्षा बलवती होती है कि यदि कहीं कोई कमी है, तो उसका उचित निराकरण कर व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा।

किसी भी धार्मिक संस्था में वित्तीय अनियमितता या प्रबंधन संबंधी कमी की आशंका उत्पन्न होती है, तो उसका समाधान पारदर्शिता, निष्पक्ष जांच, उत्तरदायित्व निर्धारण और संस्थागत सुधार के माध्यम से किया जाना चाहिए। यही स्वस्थ व्यवस्था का आधार है। दोष यदि किसी व्यक्ति या समूह का है, तो उत्तरदायित्व भी उसी स्तर पर निर्धारित होना चाहिए। हालांकि, किसी एक घटना या कुछ व्यक्तियों के संदिग्ध आचरण के आधार पर संपूर्ण मंदिर व्यवस्था, मठ परंपरा अथवा सनातन धर्म की सेवा-परंपरा का मूल्यांकन करना न तो न्यायसंगत है और न ही तथ्यपरक। कुछ लोग आज यही कर रहे हैं। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण में देश के विभिन्न क्षेत्रों, भाषाओं, जातियों और सामाजिक वर्गों के लोगों ने स्वेच्छा से योगदान दिया। इस दृष्टि से यह केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सहभागिता और सांस्कृतिक एकात्मता का भी प्रतीक है।

आज उत्तर प्रदेश की बागडोर एक निष्काम सेवाभावी संत योगी आदित्यनाथ के हाथों में है, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र, धर्म व समाज की सेवा के लिए समर्पित कर दिया है। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन की दीर्घ यात्रा में भी उनका योगदान किसी से छिपा नहीं है। अयोध्या और राम मंदिर के प्रति उनकी श्रद्धा केवल प्रशासनिक दायित्व का विषय नहीं, बल्कि व्यक्तिगत आस्था व जीवन-साधना का भी विषय रही है। उनके नेतृत्व में अयोध्या का अभूतपूर्व कायाकल्प हुआ है। ऐसे में, यह सहज विश्वास किया जा सकता है कि वह राष्ट्रीय आस्था व सनातन स्वाभिमान के इस केंद्र के साथ किसी प्रकार का अपयश जुड़ने नहीं देंगे। लोगों को विश्वास है कि दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

रामराज्य की परिकल्पना केवल भव्य मंदिर निर्माण तक सीमित नहीं है, यह पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और जनविश्वास की रक्षा में भी निहित है। इसलिए जनता को यह विश्वास है कि श्रीराम मंदिर की गरिमा, श्रद्धालुओं की भावनाओं तथा दानदाताओं के विश्वास की रक्षा के लिए जरूरी कदम सरकार उठाएगी। हमें स्मरण रखना होगा कि बड़े आंदोलनों और व्यापक सामाजिक अभियानों में कभी-कभी कुछ ऐसे लोग भी जुड़ जाते हैं, जिनकी निष्ठा उस आदर्श के अनुरूप नहीं होती अथवा जिन पर आवश्यकता से अधिक विश्वास कर लिया जाता है। ऐसी परिस्थितियों से उत्पन्न होने वाली क्षति को समय रहते पहचानकर दूर करना आवश्यक है। अपेक्षा है कि मंदिर ट्रस्ट और उससे जुड़ी व्यवस्थाएं निरंतर अधिक सुदृढ़, उत्तरदायी और चाक-चौबंद बनाई जाएं, ताकि श्रद्धालुओं के मन में निहित श्रद्धा, समर्पण व विश्वास और अधिक सशक्त होकर आगे बढ़ सके।

किसी एक स्थान पर घटित अथवा किसी एक संस्था से संबंधित अनियमितता के आरोपों के आधार पर देश की संपूर्ण मंदिर व मठ परंपरा पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जा सकता। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि देश में अनेक ऐसे सेवा कार्य हैं, जो मंदिरों, मठों व धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से संचालित हो रहे हैं और जिनका लाभ बड़ी संख्या में नागरिकों को प्राप्त होता है।

हां, इस प्रकरण ने यह अवश्य पुष्ट किया है कि धार्मिक संस्थाओं की व्यवस्थाएं अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और जनविश्वास के अनुरूप हों। ट्रस्टों और प्रबंधन तंत्र में समयानुकूल सुधार, नियमित लेखा परीक्षण, प्रभावी निगरानी तथा सहभागितापूर्ण व्यवस्था को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, जिससे भविष्य में ऐसी अनियमितता की संभावना न्यूनतम हो सके। जहां सुधार की आवश्यकता है, वहां सुधार होना चाहिए, किंतु साथ ही मंदिरों और मठों की उस महान सेवा-परंपरा का भी समुचित सम्मान होना चाहिए, जिसने सदियों से भारतीय समाज को आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आधार प्रदान किया है। यही दृष्टि सनातन परंपरा, लोकमंगल और राष्ट्रीय उत्तरदायित्व के अनुरूप है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)



# मामला रफा-दफा करने के लिए एसआईटी


यहां स्कैन करें

राजकुमार भाटी | राष्ट्रीय प्रवक्ता, सपा

- पांच लाख रुपये की चोरी से मामला दो हजार करोड़ की डकैती तक पहुंचेगा।
- सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की एक्स पोस्ट के बाद यह घोटाला चर्चा में आया।
- अपराध पर जीरो टॉलरेंस का दंभ भरने वाली सरकार अब क्यों बच रही?

करोड़ों भक्तों की आस्था का केंद्र श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के धन में चोरी, घोटाला और गबन का मामला अब किसी से छिपा नहीं है। अब यह प्रश्न ही नहीं है कि चोरी हुई या नहीं। प्रश्न यह है कि कितने की चोरी हुई और इसमें कौन-कौन शामिल हैं? प्रश्न यह भी है कि क्या इस चोरी की ठीक से जांच होगी? क्या चोरी का माल बरामद किया जाएगा?

जिस प्रकार और जिस गति से इस संदर्भ में जांच की जा रही है, उसे देखते हुए नहीं लगता कि यह जांच ठीक से हो पाएगी। ऐसा लगता है, राज्य सरकार द्वारा एसआईटी का गठन चोरों को बेनकाब करने के लिए नहीं, बल्कि मामले को रफा-दफा करने के लिए किया गया है। क्या आपने चोरी का कोई दूसरा मामला ऐसा देखा-सुना है, जिसमें पर्याप्त सुबूत के बाद भी एफआईआर और गिरफ्तारी के बजाय जांच का नाटक किया गया हो?

राम मंदिर के धन में हुए गबन के मामले की जिस तरह एक के बाद एक परतें उघड़ती जा रही हैं, उसे देखते हुए लगता है कि पांच लाख रुपये की चोरी की चर्चा से शुरू हुआ यह मामला 2,000 करोड़ रुपये की डकैती तक पहुंचेगा। मामला मंदिर और ट्रस्ट के अंदर से ही खुला है। जून के पहले सप्ताह में अयोध्या की गलियों में यह चर्चा शुरू हुई कि मंदिर की सेवा में नियुक्त कर्मचारी चढ़ावे में चोरी कर रहे हैं। फिर खबरें आईं कि इस चोरी में ट्रस्ट के कुछ बड़े लोग भी शामिल हैं और यह सुनियोजित चोरी लंबे अरसे से चल रही है।

हालांकि, देश के आम लोगों में यह चर्चा का विषय बना 7 जून को, जब समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करके इस मामले को रखा। शुरू में तो उत्तर प्रदेश सरकार, भारतीय जनता पार्टी व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के लोगों ने इस आरोप को सिरे से खारिज किया और इसे ट्रस्ट को बदनाम करने की साजिश बताया। जब भाजपा के लोगों ने भी सवाल उठाने शुरू किए और ट्रस्ट के अंदर से गवाह सामने आने लगे, तब राज्य सरकार को इसकी जांच के लिए एसआईटी का गठन करना पड़ा।

अब सवाल उठ रहा है कि एसआईटी का गठन मामले की जांच के लिए किया गया है या इसे रफा-दफा करने के लिए? उत्तर प्रदेश सरकार अपराध पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति का दंभ भरती हैं। इसकी पुलिस बात-बात पर एफआईआर दर्ज करने, बुलडोजर चलाने, संपत्ति जब्त करने और ऑपरेशन लंगड़ा के लिए बदनाम है, फिर इस मामले में किसी सीधी कार्रवाई से क्यों बच रही है? विपक्ष के नेताओं को बिना जांच, बगैर सुबूत के जेल भेजते समय राज्य सरकार यह तर्क देती है कि बाहर रहने पर वे जांच को प्रभावित कर सकते हैं, सुबूत मिटा सकते हैं, फिर इस मामले में उल्टा तर्क क्यों दे रही है कि पहले जांच करके सुबूत जुटाएंगे, उसके बाद एफआईआर होगी?

समाजवादी पार्टी ने मांग की है कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले में स्वतः संज्ञान लेकर अपनी देख-रेख में सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराए। ऐसा हुआ, तभी पूरे मामले का सही से खुलासा हो पाएगा और असली चोर न्याय के कठघरे में खड़े किए जा सकेंगे। कई जानकारों का कहना है कि इस मंदिर से जुड़े धन की चोरी 1990 के दशक से ही चल रही थी और करीब 2,000 करोड़ रुपये का गबन हुआ है।

मंदिर के दान पात्रों में आई रकम की गिनती की प्रक्रिया से जुड़े पूर्व लेखा प्रभारी महीपाल सिंह ने कहा है कि उन्हें 2021 में ही अंदेशा हुआ था कि गिनती में लगे कुछ कर्मचारी चंदे की रकम में हेराफेरी कर रहे हैं। उन लोगों को नोटों की गड्डियों के बंडल बनाने का काम दिया गया था, लेकिन वे बंडल में दस की जगह बारह या तेरह गड्डी रख देते थे। इस तरह, रोजाना लाखों रुपये पार कर दिए जाते थे। महीपाल सिंह ने यह भी बताया है कि दानपेटियों से सोने, चांदी, हीरे, जवाहरात के जो जेवर निकलते थे, उन्हें ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का ड्राइवर टिन्नू ले जाता था। इन जेवरों का कोई हिसाब नहीं रखा जाता था। जब उन्होंने इन दोनों बातों की शिकायत ट्रस्ट के पदाधिकारियों से की, तो कोई कार्रवाई करने के बजाय उन्हें ही नौकरी से हटा दिया गया। इतना ही नहीं, टिन्नू ने आठ महीने की सीसीटीवी फुटेज भी डिलीट कर दी।

राम मंदिर आंदोलन में कारसेवक रहे संतोष दुबे ने ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, सदस्य अनिल मिश्रा, गोपाल राव और टिन्नू यादव के खिलाफ श्रीराम जन्मभूमि थाने में तहरीर दी है। दुबे का आरोप है कि इन चारों ने मिलकर मंदिर के धन में चोरी की है। वह यह भी कहते हैं कि राम मंदिर में चोरी दशकों से लगातार चल रही थी। शिला पूजन के समय सोने, चांदी, हीरे, जवाहरात और अन्य कीमती धातुओं की करीब 1,250 शिलाएं दान में प्राप्त हुई थीं। वे सारी शिलाएं गायब हैं। इतना ही नहीं, शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ-साथ राम मंदिर आंदोलन से जुड़े अनेक संतों और विद्वत जनों ने भी इस मसले पर ट्रस्ट के जिम्मेदार लोगों को कठघरे में खड़ा किया है। इनमें से कई तो भाजपा और संघ से जुड़े रहे हैं।

प्रश्न यह है कि इतने लोगों की आवाज उठाने, चोरी के ढेरों सुबूत मिलने, चोरों की पहचान होने और कई जगह से माल की बरामदगी होने के बावजूद सरकार एसआईटी के नाम पर मामले को ठंडा करने की कोशिश में क्यों लगी है? क्या सरकार नहीं चाहती कि प्रभु श्रीराम के भक्तों की आस्था पर डाका डालने वाले लोग बेनकाब हों? क्या सरकार नहीं चाहती कि राम मंदिर में चढ़ावे और दान की प्रक्रिया पारदर्शी हो? क्या सरकार नहीं चाहती कि मंदिर की संपत्ति की चोरी रुके? क्या यह सरकार नहीं चाहती कि मंदिर प्रबंधन के प्रति पैदा हुई अविश्वास की भावना खत्म हो और श्रद्धालुओं का विश्वास बहाल हो? यदि हां, तो सरकार को पूरे मामले की ऐसी जांच करानी चाहिए, जिस पर सबको विश्वास हो।

इस गंभीर अपराध के एक भी दोषी को बचाया-छिपाया नहीं जाना चाहिए और आगे के लिए व्यवस्था इतनी चाक-चौबंद और पारदर्शी होनी चाहिए कि किसी भी श्रद्धालु में संदेह की गुंजाइश ही न रहे।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

## सीप के समान बनो

भारतवर्ष में एक सुंदर किंवदंती प्रचलित है। वह यह कि आकाश में स्वाति नक्षत्र के तुंगस्थ रहते यदि पानी गिरे और उसकी एक बूंद किसी सीपी में चली जाए, तो उसका मोती बन जाता है। सीपियों को यह मालूम है। अतएव जब यह नक्षत्र उदित होता है, तो सीपियां पानी की ऊपरी सतह पर आ जाती हैं और उस समय की एक अनमोल बूंद की प्रतीक्षा करती रहती हैं। ज्योंही एक बूंद पानी उनके पेट में जाता है, उस जलकण को लेकर मुंह बंद करके वे समुद्र के अथाह गर्भ में चली जाती हैं, और वहां बड़े धैर्य के साथ मोती तैयार करने के प्रयत्न में लग जाती हैं।

हमें भी उन्हीं सीपियों की तरह होना होगा। पहले सुनना होगा, फिर उसे समझना होगा और अंत में बाहरी संसार से दृष्टि हटाकर, सब प्रकार की विक्षेपकारी बातों से दूर रहकर हमें अंतर्निहित सत्य तत्व के विकास के लिए प्रयत्न करना होगा। एक भाव को नया कहकर ग्रहण करके, उसकी नवीनता चली जाने पर फिर दूसरे नए भाव का आश्रय लेना, इस प्रकार बारंबार करने से तो हमारी सारी शक्ति ही इधर-उधर बिखर जाएगी। इसलिए एक भाव को पकड़ो और उसी को लेकर रहो। उसका अंत देखे बिना उसे मत छोड़ो।

जो लोग एक भाव लेकर, उसी में मत्त रह सकते हैं, उन्हीं के हृदय में सत्य तत्त्व का उन्मेष होता है। जो लोग यहां का कुछ, वहां का कुछ, सब विषयों को चखते जाते हैं, वे वास्तव में कभी कोई चीज नहीं पा सकते। वे चिरकाल तक प्रकृति के दास बने रहेंगे, कभी अतींद्रिय राज्य में विचरण न कर सकेंगे।

जां सचमुच योगी होने की इच्छा करते हैं, उन्हें थोड़ा-थोड़ा हर विषय को पकड़ने की वृत्ति सदैव के लिए छोड़ देनी होगी।

**स्वामी विवेकानंद**

उर्सला वान डेर लेयेन | अध्यक्ष, ईयू कमीशन



**एआई के विकास में अपार संभावनाएं हैं, पर लोकतांत्रिक समाजों के लिए इसके जोखिम भी हैं। इसलिए हमें सहयोग मजबूत करना चाहिए। हम मिलकर सुनिश्चित करें कि यह मॉडल भरोसेमंद और सुरक्षित हो।**

# पिता का प्रेम अदृश्य और अपरिभाषित

जून महीने का तीसरा रविवार पिता के सम्मान प्रेम और योगदान को समर्पित किया गया है। इस वर्ष फादर्स डे 21 जून को मनाया जा रहा है।

सोनोरा स्मार्ट डोड ने अपने पिता के सम्मान में 19 जून, 1910 को वाशिंगटन के स्पोकेन में पहली बार 'फादर्स डे' मनाना शुरू किया। स्मार्ट डोड के पिता विलियम जैक्सन स्मार्ट अमेरिकी गृह युद्ध के एक जांबाज योद्धा थे। पहली पत्नी एलिजाबेथ और दूसरी बीवी एलेन विक्टोरिया चीक की मृत्यु के उपरांत विलियम ने अकेले नवजात शिशु सहित अपने छह बच्चों की परवरिश की बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाह किया। संतान के प्रति उनका अटूट प्रेम, संघर्ष और त्याग ही फादर्स डे के पीछे की प्रेरणा बने।

बहरहाल, जून का तीसरा रविवार यह मौका देता है कि पिता के योगदान का एहसास कर उनके प्रति प्रेम, सम्मान और आभार को खुल कर व्यक्त किया जाए। यह परिवार और समाज में पिता की भूमिका को बढ़ावा देने के साथ ही उनको सराहने का अवसर भी है।

जून के तीसरे रविवार को फादर्स-डे की आधिकारिक मान्यता अमेरिकी राष्ट्रपति लिंडन बी जॉनसन ने वर्ष 1966 में दी थी। वर्ष 1972 में राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने फादर्स डे पर स्थायी राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया। सोनोरा स्मार्ट डोड द्वारा प्रारंभ फादर्स डे को 1924 में राष्ट्रपति कैल्विन कूलिज ने समर्थन देने की घोषणा की थी, किंतु आधिकारिक तौर पर इसे 1966 में ही मान्यता मिल पाई।

पिता के प्रेम को परिभाषित कर पाना वाकई काफी मुश्किल है, क्योंकि यह प्रेम अनकहा और अक्सर अल्प व्यक्त होता है, लेकिन इसका प्रभाव बच्चों के जीवन पर गहरा होता है। परिवार में पिता की भूमिका संरक्षक एवं मार्गदर्शक की मानी गई है। परिवार के लिए आदर्श स्थापित करने वाले पिता से उनकी संतानें ज्ञान, शक्ति और साहस प्राप्त करती हैं। मुश्किल समय में सहारा और भावनात्मक शक्ति पिता से प्राप्त होती है। अनुशासन मिश्रित पिता का प्रेम बच्चों को सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। हर समाज में पिता अपने बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत होता है।

वह अपनी संतान को न केवल शारीरिक और आर्थिक सुरक्षा देता है, बल्कि उन्हें सामाजिक पहचान, प्रतिष्ठा और भावनात्मक समर्थन भी प्रदान करता है। हालांकि, यह एक कड़वा सच है कि अक्सर पिता परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए बच्चों को ज्यादा समय नहीं दे पाता। इसके कारण माता की अपेक्षा पिता का प्रेम प्रायः अव्यक्त और अपरिभाषित ही रह जाता है।

**विनोद विक्की**, टिप्पणीकार

## अनुलोम-विलोम

फादर्स डे



# जनक को एक ही दिन देना कृतघ्नता

भारतीय इतिहास, दर्शन, साहित्य, संस्कृति व परंपराओं का सिंहावलोकन करें, तो 'फादर्स डे या पितृ दिवस' जैसा कोई दिन या उत्सव दृष्टिगोचर नहीं होता, क्योंकि हमारी सभ्यता तो पिता को आकाश से भी विस्तृत और विशाल मानती है, अनंत बनाती है। फिर इसके निमित्त एक ही दिन क्यों? तथापि वैश्विक गांव में परिवर्तित होते संसार के कारण जून के तृतीय रविवार को हमारे यहां भी यह दिवस मनाया जाने लगा है।

हम अपने इतिहास, पूर्वज, अध्यात्म व वाङ्मय में जाएं, तो यहां पुत्र मोह में राजा दशरथ के प्राणोत्सर्ग का वर्णन है। वहीं, पिता की आज्ञा को सर्वोपरि मानकर राजा बनते राम रातोंरात वनवास ले लेते हैं। देवव्रत भीष्म अपने पिताश्री की इच्छा को शिरोधार्य कर आजन्म अविवाहित रहने का संकल्प लेते हैं। यह 'भीष्म-प्रतिज्ञा' आज भी कहावतों में बनी हुई है।

पुत्र होने का सबसे बड़ा अभिशाप यह है कि जिन हाथों ने कभी उसे उंगली पड़कर चलना सिखाया था, उसी पिता की देह को वह मुखाग्नि देता हैं। हालांकि, यहां किसी एक दिन फादर्स डे मनाना उचित नहीं, हमें तो हर दिन अपने पिता की आज्ञा माननी चाहिए।

**मनोज कुमार शर्मा**, टिप्पणीकार

**विवाह** के बाद स्त्री-जीवन और गहरा हो जाता है। बाहर से सब सामान्य लगता है, लेकिन भीतर हर दिन एक नई परीक्षा जैसा होता है। ऐसे समय में हर दिन, हर समय सबसे बड़ा सहारा कोई सामने खड़ा व्यक्ति नहीं, बल्कि भीतर बसा वह अदृश्य संस्कार होता है, जो पिता बिना औपचारिक उपदेश के अपने आचरण से दिए होते हैं। उनके शब्द जीवन गढ़ने वाले सूत्र थे, 'धैर्य रखो, सब अच्छा होगा; अपने मन की राह पर अडिग रहो; कर्म ही पहचान है; सहनशीलता को अपनी ताकत बनाओ; ईश्वर पर विश्वास रखो, सत्य और ईमानदारी थामे रहो और कठिन समय में हिम्मत मत छोड़ो।' ऐसे पिता को साल में एक दिन याद करना और सम्मान देना कृतघ्नता ही है।

असल में, इस तरह के दिवस हमारे संस्कार और परंपरा में नहीं हैं। हमारे यहां तो पिता धर्म हैं, स्वर्ग हैं और परम तप हैं। उनके लिए एक दिन क्यों? यह तो विकृत समाज की अपसंस्कृति है कि पूरे जीवन को उपभोगवाद में झोंककर खुद को परेशान कर लो और साल में एक दिन पिता को याद कर बाकी दिन के लिए उन्हें वृद्धाश्रम में धकेल दो। वहां जाने के बाद अपनी सारी जिम्मेदारियों से खुद को मुक्त कर लो। यह घोर पाप और संकीर्णता है। ऐसे दिवसों के प्रति हमारे समाज को जागरूक होने की जरूरत है।

**कृति जैन**, टिप्पणीकार

**लद्दाख की ऊंची चोटियां, स्पीति के ऊबड़-खाबड़ रास्ते, राजस्थान के रेतीले टीले और पश्चिमी घाट की बारिश में एडवेंचर ट्रिप का चलन बढ़ रहा है। वहीं, मौसम खराब होते ही एक सामान्य सफर भी एडवेंचर बन जाता है। जाहिर है, मजबूत वाहनों की जरूरत बढ़ रही है। एडवेंचर मोटरसाइकिल, लाइफस्टाइल एसयूवी और ऑफ-रोड वाहनों की बढ़ती मांग के बारे में बता रही हैं तृप्ति मिश्रा**

# मजबूत वाहनों की बढ़ने लगी मांग



पहाड़ों की खड़ी चढ़ाई, रेगिस्तान की ढीली रेत, बारिश में फिसलन और कच्चे रास्तों के गड्ढे-हर जगह वाहन के सामने अलग चुनौती होती है। इसी वजह से कंपनियां भी अलग जरूरतों को ध्यान में रखकर वाहन तैयार करती हैं। कहीं ऊंची ग्राउंड क्लीयरेंस और मजबूत सस्पेंशन पर जोर दिया जाता है तो कहीं 4x4 तकनीक और बेहतर सड़क पकड़ पर। यानी वाहन की बनावट केवल दिखावे के लिए नहीं, बल्कि मौसम और रास्तों की चुनौतियों को ध्यान में रखकर तैयार की जाती है। इस संदर्भ में 2025 में देश में बिकने वाले यात्री वाहनों में एसयूवी की हिस्सेदारी करीब 56 प्रतिशत रही। अब लोग ऐसे वाहन खरीद रहे हैं, जो हर जगह, हर मोसम में काम आ सके।

### कौन सा वाहन बेहतर?

स्पीति, लद्दाख, तवांग और उत्तराखंड के कई ऊंचाई वाले क्षेत्रों में खराब सड़कें और कच्चे मार्ग आम बात हैं। ऐसे इलाकों में रॉयल एनफील्ड हिमालयन और हीरो एक्सपल्स जैसी मोटर साइकिलें लोकप्रिय हैं। ऊंची ग्राउंड क्लीयरेंस और मजबूत सस्पेंशन के कारण ये उबड़-खाबड़ रास्तों पर बेहतर नियंत्रण देती हैं। चार पहिए वाली गाड़ियों में महिंद्रा स्कॉर्पियो-एन, मारुति जिम्नी और फोर्स गुरखा को पसंद किया जाता है। जिम्नी अपने छोटे आकार के बावजूद कठिन रास्तों पर क्षमता के लिए जानी जाती है, जबकि गुरखा और स्कॉर्पियो-एन मजबूती और भरोसे के लिए लोकप्रिय हैं। यदि यात्रा बर्फबारी या फिसलन वाले इलाकों में हो तो 4x4 या ऑल-व्हील ड्राइव जैसी तकनीक मदद दे सकती है।

> यात्रियों में सोलो ट्रैवल, बाइक ट्रिप, ऑफबीट लोकेशंस का क्रेज बढ़ रहा है।

### रेतीले इलाकों में किसकी पकड़

जैसलमेर, कच्छ का रण और अन्य ऑफ-रोड मार्गों पर ढीली रेत वाहन के लिए बड़ी चुनौती होती है। ऐसे इलाकों में महिंद्रा थार, फोर्स गुरखा और टोयोटा फॉर्च्यूनर जैसे वाहन पहली पसंद बनते हैं। महिंद्रा थार की पहचान ही ऑफ-रोड वाहन के रूप में बन चुकी है। ऊंची ग्राउंड क्लीयरेंस और 4x4 तकनीक इसे रेतीले और उबड़-खाबड़ रास्तों के लिए उपयुक्त बनाती है। फॉर्च्यूनर कठिन रास्तों व लंबी दूरी के सफर के बीच बेहतर संतुलन देती है।

### बारिश में टायर और ब्रेक अहम

मानसून में सड़क पर पानी, फिसलन और कम दृश्यता यात्रा को चुनौतीपूर्ण बना सकती है। ऐसे मौसम में इंजन की ताकत से ज्यादा महत्व सड़क पकड़, टायर और ब्रेकिंग क्षमता का होता है। ड्यूल-चैनल एबीएस वाली मोटरसाइकिल और बेहतर स्थिरता नियंत्रण वाली एसयूवी बरसात में अधिक भरोसा देती हैं। अच्छी गुणवत्ता वाले टायर कई बार अतिरिक्त पावर वाले इंजन से ज्यादा उपयोगी साबित होते हैं।

**लंबी यात्रा में आराम भी जरूरी :** यदि परिवार के साथ लंबी सड़क यात्रा करनी है, तो आराम और जगह भी उतने ही महत्वपूर्ण हो जाते हैं। ऐसे में महिंद्रा एक्सयूवी 700, टोयोटा इनोवा हाई क्रॉस, हुंडई क्रेटा और मारुति ग्रैंड विटारा जैसे वाहन बेहतर विकल्प हो सकते हैं। इनमें बैठने की सुविधा, सामान रखने के लिए पर्याप्त जगह और लंबी दूरी के लिए आरामदायक केबिन मिलता है।

**गलत वाहन चुनना पड़ेगा भारी :** एडवेंचर ट्रिप में सबसे आम गलती वाहन का गलत चयन है। कम ग्राउंड क्लीयरेंस वाली मोटरसाइकिल को पहाड़ी कच्चे रास्तों पर ले जाना या साधारण दो-पहिया ड्राइव वाहन को गहरी रेत में उतारना परेशानी बढ़ा सकता है। वाहन चुनते समय वाहन की लोकप्रियता नहीं, बल्कि रास्ते और मौसम की जरूरतों को भी ध्यान में रखना चाहिए।

### कहां किसका दमखम?

- **पहाड़ और खराब सड़कें :** रॉयल एनफील्ड हिमालयन, हीरो एक्सपल्स, महिंद्रा स्कॉर्पियो-एन, मारुति जिम्नी
- **रेत और ऑफ-रोड मार्ग :** महिंद्रा थार, फोर्स गुरखा, टोयोटा फॉर्च्यूनर, केटीएम एडवेंचर
- **बारिश और फिसलन :** हुंडई क्रेटा, मारुति ग्रैंड विटारा, महिंद्रा एक्सयूवी700, रॉयल एनफील्ड हिमालयन
- **लंबी रोड ट्रिप :** टोयोटा इनोवा हाई क्रॉस, महिंद्रा एक्सयूवी700, हुंडई क्रेटा, मारुति ग्रैंड विटारा



**1.6** लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है अनुमानित रूप से भारत का एडवेंचर टूरिज्म मार्केट साल 2025 में।

### हाइपर कारें कितनी कारगर?

हाइपर कारें अपनी तेज रफ्तार, अत्याधुनिक तकनीक और करोड़ों रुपये की कीमत के लिए जानी जाती हैं। बुगाटी शिरॉन, कोएनिगसेग जेस्को और मैकलारेन पी1 जैसी कारें इसी श्रेणी में आती हैं। एडवेंचर ट्रिप के संदर्भ में इनकी उपयोगिता मुख्य रूप से हाईवे और अच्छी सड़कों पर लंबी दूरी की आरामदायक ड्राइविंग तक होती है, जहां ये बेहतर परफॉर्मेंस देती हैं। कम ग्राउंड क्लीयरेंस और स्पीड-फोकस डिजाइन के कारण ये अधिक कठिन रास्तों के लिए उपयुक्त नहीं होतीं। इसलिए ऐसे ट्रिप्स के लिए एसयूवी और एडवेंचर वाहन का चुनाव करना ही व्यावहारिक विकल्प हैं।

### विशेषज्ञ की राय

अगर आप अकेले यात्रा करते हैं तो छोटा वाहन बेहतर होता है-कार या एसयूवी में 4-सीटर और बाइक में सिंगल-सीटर। परिवार या दोस्तों के साथ जाने के लिए कार में 6-7 सीटें और बाइक में आरामदायक 2 सीटें होनी चाहिए। साल में कई बार ट्रिप करते हैं तो अपना वाहन खरीदना सही है। अगर 2-3 ट्रिप साल में होते हैं, तो किराए पर लेना बेहतर है। अगर यात्रा ज्यादातर सड़क पर होती है तो हैचबैक या सेडान भी ठीक रहती है। ऑफ-रोड या ऊबड़-खाबड़ रास्ते हैं तो ज्यादा ग्राउंड क्लीयरेंस वाला वाहन जरूरी है। रास्तों पर सर्विस नेटवर्क की उपलब्धता भी जरूरी है, ताकि जरूरत पड़ने पर मदद मिल सके। - **अविक भट्टाचार्य**, ऑटो उद्योग विशेषज्ञ

### एडवेंचर ट्रिप से पहले याद रखें...

- रास्ते और मौसम के हिसाब से वाहन चुनें
- खराब रास्तों के लिए ऊंची ग्राउंड क्लीयरेंस फायदेमंद रहती है
- बारिश या फिसलन वाले मौसम में टायर और ब्रेक की स्थिति जरूर जांचें
- लंबी यात्रा में आराम और सामान रखने की जगह भी महत्वपूर्ण है
- कठिन रास्तों पर 4x4 या ऑल-व्हील ड्राइव अतिरिक्त मदद दे सकती है



**गैजेट**

## हर काम के लिए किफायती लैपटॉप

कम बजट में नया लैपटॉप खरीदने की सोच रहे हैं, तो यहां दिए गए कुछ लैपटॉप देख सकते हैं। ये मॉडल पढ़ाई, ऑफिस के काम और रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए बेहतर रहेंगे और ये किफायती भी हैं-

### प्राइमबुक 2 प्रो

इस लैपटॉप में मीडियाटेक हीलियो जी 99 (एमटी8781) प्रोसेसर है, साथ में 8जीबी रैम और 128जीबी स्टोरेज मिलता है। इसमें 14 इंच की फुल एचडी डिस्प्ले दी गई है। वाई-फाई, ब्लूटूथ और यूएसबी टाइप-सी जैसे जरूरी कनेक्टिविटी फीचर्स भी मौजूद हैं। इसकी कीमत 25,990 रुपए बताई गई है। ई-कॉमर्स मंच जैसे कि फ्लिपकार्ट पर बिक्री के लिए उपलब्ध है।



### एएसयूएस क्रोमबुक सीएक्स

एएसयूएस क्रोमबुक सीएक्स1405 लैपटॉप उनके लिए अच्छा विकल्प माना जा सकता है, जो ज्यादातर काम इंटरनेट के जरिए करते हैं। लैपटॉप में 8जीबी रैम और 128जीबी अतिरिक्त स्टोरेज मिलती है। 14 इंच की फुल एचडी स्क्रीन और लगभग 1.39 किलोग्राम वजन इसे पोर्टेबल बनाते हैं। यह ऑनलाइन पढ़ाई और वेब ब्राउजिंग के लिए बेहतर है। इसे केवल 21,990 रुपये में ई-कॉमर्स मंच से खरीदा जा सकता है।

### एचपी 15 (2026)

इस लैपटॉप में एएमडी 7120यू प्रोसेसर, 8 जीबी रैम और 512जीबी एसएसडी स्टोरेज है। यह तेज काम करने और फाइलें रखने के लिए उपयुक्त है। 15.6 इंच की बड़ी स्क्रीन और डीडीआर5 मेमोरी जैसे नए फीचर भी हैं। इसे ऑनलाइन 39,880 रुपए में खरीदा जा सकता है। **- हिमानी**

**नई गाड़ी**



## ई-एसयूवी बाजार में नई पेशकश

टाटा, किआ और होंडा कंपनियां आने वाले महीनों में अपने नए इलेक्ट्रिक एसयूवी मॉडल पेश कर सकती हैं। रेंज, कीमत व डिजाइन के दम पर कौन सबसे मजबूत दावेदार बनता है, आइए जानें-

**किआ साइरोस ईवी: दो बैटरी पैक**
यह कंपनी की किफायती इलेक्ट्रिक एसयूवी हो सकती है, जो के-1 प्लेटफॉर्म पर आधारित होगी। डिजाइन पेट्रोल मॉडल जैसा रह सकता है। इसमें 42केडब्लूएच और 49 केडब्लूएच बैटरी पैक मिल सकते हैं। टाटा नेक्सन ईवी व महिंद्रा एक्सयूवी 3 एक्सओ को टक्कर दे सकती है। संभावित कीमत करीब 15-20 लाख रुपये हो सकती है। जुलाई-अगस्त 2026 में पेश होने की उम्मीद है।

**टाटा सिएरा ईवी: दिखने में दमदार**
यह जून के अंत तक बाजार में आ सकती है। यह क्रेटा इलेक्ट्रिक और महिंद्रा बीई6 की प्रतिद्वंद्वी होगी। इसमें 65 से 75 किलोवाट/घंटा बैटरी पैक, सिंगल व ड्यूल-मोटर विकल्प और हाई वेरिएंट में ऑल-व्हील ड्राइव सिस्टम मिल सकता है। कीमत करीब 20-25 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू हो सकती है।

**होंडा जीरो अल्फा : 500 किमी रेंज**
होंडा जीरो अल्फा 2027 की शुरुआत में पेश हो सकती है। 65केडब्ल्यूएच और 75केडब्ल्यूएच बैटरी पैक विकल्प मिल सकते हैं। एक बार चार्ज करने पर इसकी रेंज करीब 500 किमी तक हो सकती है। कनेक्टेड एलईडी डीआरएल, 19-इंच व्हील्स, फ्लैट-फ्लोर केबिन जैसे फीचर्स मिल सकते हैं। कीमत 17-25 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) के बीच हो सकती है।

## ई 20 पेट्रोल पर दौड़ेगी नई निंजा 500

**कावासाकी** ने हाल ही में भारतीय बाजार में अपनी स्पोर्ट्स बाइक 2026 निंजा 500 को नए अपडेट के साथ पेश किया है। इस नए मॉडल की खासियत है- ई 20 ईंधन पर चलने की क्षमता, यानी यह बाइक 20 फीसदी इथेनॉल मिले पेट्रोल पर चल सकती है।

**पहले जैसा इंजन :** नई निंजा 500 में वही 451सीसी लिक्विड-कूल्ड पैरेलल-ट्विन इंजन दिया गया है। यह करीब 45 हॉर्सपावर और 42.6 एनएम टॉर्क देता है। 6-स्पीड गियरबॉक्स और असिस्ट व स्लिपर क्लच मिलता है।

**डिजाइन पर नजर:** शार्प बॉडीवर्क, ट्विन एलईडी हेडलाइट्स, मस्कुलर फ्यूल टैंक व फुल-फेयरिंग डिजाइन मिलता है, जिससे इसका स्पोर्टी लुक बना रहता है।

**कीमत :** 5.76 लाख रुपये (एक्स शोरूम)से शुरू है। लाइम ग्रीन रंग में उपलब्ध है।

## एम्पीयर का नया ई-स्कूटर बाजार में

**ग्रीव्स** इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का नया किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटर एम्पीयर रियो वीवायबी भी भारतीय बाजार में आ गया है। इसे खासतौर पर शहरों की छोटी दूरी को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

**स्पीड इतनी:** एम्पीयर का यह नया ई-स्कूटर अधिकतम 25 किमी प्रति घंटे की गति तक चलता है। एक बार चार्ज करने पर करीब 80 किमी की रेंज देता है।



**बिना लाइसेंस दौड़ेगी :** लो-स्पीड होने के कारण यह कई जगहों पर बिना लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन वाली कैटेगरी में आता है, जिससे इसे नए चालकों के लिए आसान विकल्प माना जा सकता है।

**कीमत कम :** 69,499 रुपये एक्स शोरूम कीमत।

**चार रंगों में :** वॉर्म व्हाइट, पेस्टल पर्पल, डार्क ग्रे और एक्वा मेटैलिक रंगों में ब्रिकी के लिए उपलब्ध है।

**प्रीमियम फीचर्स :** स्मार्ट की फोब के साथ कीलेस स्टार्ट की सुविधा है। बेहतर रोशनी के लिए एलईडी हेडलैम्प व टेललैम्प के साथ कलर एलसीडी डिस्प्ले दिया गया है, जो जरूरी राइडिंग से जुड़ी जानकारी दिखाता है। **- कुमार प्रशांत**

## अब अनचाहे कॉल और मैसेज पर लगाम

**आजकल फर्जी कॉल और स्पैम मैसेज सिर्फ परेशानी नहीं, बल्कि साइबर ठगी का जरिया भी बन रहे हैं। इनके जरिए बैंक संबंधी सूचनाएं या निजी जानकारी हासिल करने की कोशिश की जाती है। ऐसे में नंबर ब्लॉक करना काफी नहीं है। फोन में कुछ सेटिंग्स की मदद से निजता और सुरक्षा बढ़ाई जा सकती है...**

**टिप्स**



**अनजान** नंबरों से आने वाले कॉल्स और मैसेज अब रोजमर्रा की बात बन चुके हैं। इनमें से कई स्पैम या फर्जी भी हो सकते हैं। अच्छी बात यह है कि स्मार्टफोन में मौजूद कुछ फीचर्स और सेटिंग्स ऐसे संपर्कों की पहचान करने और उन्हें नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं। जैसे कि-

- **ट्राई के डीएनडी एप का करें इस्तेमाल :** बार-बार प्रमोशनल कॉल और मैसेज आने पर भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) का डीएनडी (डू नॉट डिस्टर्ब) एप काम आ सकता है। इसकी मदद से अनचाहे कॉल्स और मैसेज की शिकायत दर्ज की सकती है, जिससे स्पैम कॉल और मैसेज की संख्या कम करने में मदद मिल सकती है।
- **स्पैम प्रोटेक्शन फीचर रखें ऑन :** अधिकांश एंड्रॉयड फोन में स्पैम प्रोटेक्शन फीचर मौजूद होता है। इसे ऑन करने पर संदिग्ध कॉल व मैसेज की पहचान करना आसान हो जाता है। कई मामलों में फोन पहले ही अलर्ट दिखा देता है।
- **कॉलर आईडी फीचर का प्रयोग:** कई स्मार्टफोन में कॉलर आईडी की सुविधा मिलती है। ट्रूकॉलर जैसे एप्स का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। इससे कॉल उठाने से पहले यह पता चल सकता है कि नंबर किसी कंपनी, व्यक्ति या स्पैम कॉलर का है।
- **अनजान लिंक पर क्लिक न करें :** केवाईसी, इनाम या बैंक अपडेट के नाम पर आए लिंक पर क्लिक करने से बचें। जानकारी की पुष्टि हमेशा आधिकारिक वेबसाइट या एप से करें।
- **लॉक स्क्रीन पर मैसेज प्रीव्यू छिपाएं :** ओटीपी, बैंक अलर्ट और अन्य निजी जानकारी वाले मैसेज लॉक स्क्रीन पर दिखने से बचाने के लिए प्रिव्यू बंद किया जा सकता है। इससे आपकी निजी जानकारी अधिक सुरक्षित रहती है।
- **दो सिम, तो एक नंबर निजी:** बैंकिंग और जरूरी सेवाओं के लिए इस्तेमाल होने वाला नंबर हर जगह साझा करने से बचें। निजी और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन जैसे कामों के लिए अलग-अलग नंबर रखना बेहतर हो सकता है।
- **विज्ञापन अनुमति बंद रखें :** कई एप्स और वेबसाइट्स साइन-अप के दौरान प्रमोशनल कॉल और मैसेज भेजने की अनुमति मांगती हैं। ऐसी अनुमति देने से बचने पर अनचाहे कॉल और मैसेज की संख्या कम हो सकती है। **- श्वेता**

## रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**मेष :** मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष :** वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी। धर्म के प्रति श्रद्धा भाव बढ़ेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार के लिए यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**मिथुन :** मानसिक शांति बनाए रखने के लिए प्रयास करें। कारोबारी कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**कर्क :** वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। आय में वृद्धि होगी, परंतु खर्च भी बढ़ेंगे।

**सिंह :** मन प्रसन्न रहेगा। संपत्ति में वृद्धि हो सकती है। परिवार के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**कन्या :** नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। सेहत का भी ध्यान रखें। परिवार में सुख-शांति रहेगी।

**तुला :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। कारोबार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। पिता से धन मिल सकता है।

**वृश्चिक :** धर्म के प्रति श्रद्धा भाव बढ़ेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। घर में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु :** धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। सेहत के प्रति सचेत भी रहें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। आय में कमी आ सकती है।

**मकर :** नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। पिता का साथ मिलेगा।

**कुंभ :** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। नौकरी में स्थान परिवर्तन की संभावना बन रही है। परिवार से भी दूर रहना पड़ सकता है। खर्चों मे भी वृद्धि होगी।

**मीन :** आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा।

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

**20 जून**, शनिवार, **शक संवत्** : 30 ज्येष्ठ (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग :** 06 आषाढ़ मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम :** 04 मोहर्रम, 1448, **विक्रमी संवत् :** द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल षष्ठी तिथि अपराह्न 03 .47 मिनट तक पश्चात सप्तमी तिथि मघा नक्षत्र प्रात: 09 .26 मिनट तक पश्चात पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र, वज्र योग दोपहर 12 .49 मिनट तक पश्चात सिद्धि योग। चंद्रमा सिंह राशि में (दिन-रात) में।

**सूर्य उत्तरायण।** प्रात: 09 बजे से प्रात: 10 .30 मिनट तक राहुकालम्। अरण्य षष्ठी। विन्ध्यवासिनी पूजा।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**मैं अपने अपार्टमेंट में क्लाउड किचन चलाना चाहती हूं। कैसे शुरु करूं। -तुलसी, दिल्ली**

- आपका अपार्टमेंट आग्नेय मुखी है, जिसका मुख्य द्वार पूर्व आग्नेय दिशा की ओर है। यह द्वार अंदर की ओर है। इस कारण अग्नि कोण बढ़ गया है, यह ठीक नहीं होता।
- सीधे आगे जाकर दक्षिण-पश्चिम दिशा का कमरा बढ़ गया है। इस कारण ईशान कोण घट गया है। यह शुभ नहीं होता। रसोई अग्नि कोण में है, जो बहुत शुभ है, किंतु कुकिंग स्लैब के ऊपर एक बीम आ रहा है, यह ठीक नहीं है। इसे फाल्स सीलिंग से ढंक दें।
- गैस को इस प्रकार रखें कि खाना बनाते समय मुख पूर्व की ओर रहे। घर की उत्तर पूर्व दीवार पर एक दर्पण लगाएं। भोजन तैयार होने के बाद उसे वायव्य कोण में रखें।

### वर्ग पहेली : 8365



**बाएं से दाएं**
1. कान बहरे कर देना; बहरा बन जाना; ध्यान न देना; निश्चिंत होना; बेखबर हो जाना; बेफिक्र होना (2,1,2,3)
6. रोकना; घेरे में लाना; परिधि में लेना (3)
7. आह पड़ना; किसी को दिए गए कष्ट का कुफल मिलना; शाप पड़ना (2,3)
8. मध्यमा के साथ वाली अंगुली (4)
10. चांदी, सोने पर रंगीन काम करने वाला; मीनाकारी करने वाला (4)
13. अश्रु; आंसू; नयन नीर (5)
14. चौथी दफा; चौथी बार; कमरा जिसमें चारों ओर एक-एक दरवाजा हो; खुली बैठक; बालाखाना (3)
16. घर बसाना; विवाह करना (2,3,3)

**ऊपर से नीचे**
2. दिखाई देना; प्रकट होना (3,2)
3. औष्ट्रिक; गंधी; चक्री; तेल निकालने वाला; तेल पेरने वाली जाति (2)
4. पनपना; हरा-भरा होना; आनंदित होना; प्रसन्न होना; प्रस्फुटित होना (5)
5. लोकाधार; जनसमूह (4)
7. आगमन; पधारना; प्रवेश करना (2)
8. अपरिचित; नावाकिफ; अनजान (4)
9. मेल-जोल रखने वाला; लोकप्रिय; समाजप्रिय; सुशील (5)
11. व्यापार जिसमें अनुचित लाभ के लिए क्रय-विक्रय होता हो (5)
12. मेख; मुहांसे का अंश (2)
15. बिना रेशे की गूदेदार जड़ (2)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8364

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1कि | ■ | 2प्रा | ■ | 3आ | क्रा | 4म | क | ■ |
| 5ना | म | ची | न | ■ | ■ | नो | ■ | 6का |
| रे | ■ | र | ■ | 7स | म | का | ली | न |
| 8कि | स्त | ■ | ■ | दु | ■ | म | ■ | ग |
| ना | ■ | 9बा | ल | प | क | ना | ■ | र |
| रे | ■ | ल | ■ | यो | ■ | ■ | 10भ्र | म |
| 11जा | न | का | रो | ग | ■ | 12चा | ■ | क |
| ना | ■ | ट | ■ | ■ | 13क | ला | का | र |
| ■ | 14वि | ना | श | क | ■ | क | ■ | ना |

### सुडोकू : 8347

*कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 6 | | | 2 | | | 7 |
| | | 7 | | | | | 5 | |
| | 5 | | | | | 3 | | 1 |
| | | | 6 | | 9 | 7 | | |
| 4 | | | | | | | | 8 |
| | | 9 | 8 | | 3 | | | |
| 7 | | 5 | | | | | 1 | |
| | 2 | | | | | 4 | | |
| 8 | | | 3 | | | 5 | 6 | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8346

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 9 | 8 | 6 | 1 | 2 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 2 | 6 | 3 | 4 | 9 | 5 | 8 | 7 | 1 |
| 4 | 9 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 8 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 9 | 5 | 4 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 2 | 7 | 8 | 4 | 9 | 5 |
| 3 | 5 | 7 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 4 | 5 | 8 | 2 | 6 | 3 | 7 |
| 6 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 5 | 4 | 9 |

# Lifetime Free Newspapers Access

## Editorials PDF

- English Editorials PDF with International Neespapers Editorials [35-40pages]
- Hindi Editorials PDF
- Daily Vocabulary PDF

## Magazine Channel

National & International
[Genaral & Exam related]

## International Newspapers

Newspapers around world.
Asian, Europian & American

## Hindi Newspapers

1) दैनिक जागरण
2) जनसत्ता
3) हरिभूमि
4) हिंदुस्तान

## Indian Newspapers Channel

1. The Indian Express
2. The Hindu
3. Business Line
4. Financial Express
5. Times of India
6. Hindustan Times
7. Economic Times
8. Live Mint
9. Business Standard

## Click below to Join this Community

Click Here